चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 245, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 4 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# कांग्रेस कमीशन और करप्शन में पड़ी: नरेन्द्र मोदी

## छत्तीसगढ़ के विकास के लिए केंद्र की भाजपा सरकार लगातार काम कर रही: पीएम मोदी

**जगदलपुर**

**छत्तीसगढ़** के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज जगदलपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ आमसभा में शामिल हुए। आमसभा से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नगरनार स्टील प्लांट के लोकार्पण के साथ 27000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। आमसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए केंद्र की भाजपा सरकार लगातार काम कर रही है। साथ ही उन्होंने महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण से लेकर आदिवासी समाज की महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठने पर गर्व किया। आमसभा को संबोधित करते हुए नगरनार स्टील प्लांट को लेकर उन्होंने कहा कि आप सभी के लिए डॉ. रमन सिंह हमेशा दिल्ली में इस कारखाने के लिए आवाज उठाते रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने यह मांग इसलिए नहीं मानी क्योंकि इसके पीछे कांग्रेस के कमीशन और करप्शन की सोच पड़ी थी। कांग्रेस इस स्टील प्लांट को हड़पकर कांग्रेसी




नेताओं के बच्चों और रिश्तेदारों की तिजोरी भरना चाहती है लेकिन मोदी यह होने नही देगा। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आज बस्तर में 27000 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ, लेकिन प्रदेश सरकार का एक भी मंत्री, उपमुख्यमंत्री या मुख्यमंत्री कोई भी नहीं आया, अगर ये लोग बस्तर का विकास चाहते तो कार्यक्रम में आते। लेकिन इनके कारनामों की गूंज पूरे देश में हैं और ये लोग अपनी सरकार बचाने में व्यस्त हैं। छत्तीसगढ़ में चारो तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है, अपराध चरम पर है, हत्याओं के मामले में छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्यों में पहुंच चुका है छत्तीसगढ़कभी-कभी तो लगता है कि राजस्थान और

### छत्तीसगढ़ और राजस्थान में आपराधिक मामलों की होड़: पीएम

**कांग्रेस** ने सिर्फ 5 साल में छत्तीसगढ़ की जो हालत की है उसे पूरा देश देख रहा है। इनके विधायकों और मंत्रियों ने जो कारनामे किए हैं उससे हर कोई त्रस्त है। छत्तीसगढ़ में अपराध चरम पर है, हत्याओं के मामले में छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्य की श्रेणी में पहुंच गया है, कभी-कभी तो लगता है कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में आपराधिक मामलों में स्पर्धा चल रही है। पीएम ने आगे कहा, ये (कांग्रेस सरकार) झूठी बातें फैलाकर को स्टील प्लांट पर कब्जा करना चाहते हैं ।

### पीएम ने दिखाई हरी झंडी, नक्सल क्षेत्र ताड़ोकी जुड़ा राजधानी रायपुर से

**कांकेर**

**जिले के** नक्सल प्रभावित क्षेत्र ताड़ोकी से यात्री ट्रेन सेवा का शुभारंभ आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जगदलपुर के लालबाग सभा स्थल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पहली बार यात्री रेल ताड़ोकी से राजधानी रायपुर के लिए रवाना हुई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कांकेर जिले के ताड़ोकी क्षेत्र के आदिवासी भाई-बहनों की आर्थिक समृद्धि का रास्ता खुला है।

## हिमाचल: सीएम ने शुरू की सुख-आश्रय योजना

# निराश्रित बच्चों को 4.68 करोड़ की वितीय मदद

**शिमला**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना का औपचारिक शुरूआत की। इस योजना का उद्देश्य अनाथ, विशेष रूप से सक्षम बच्चों, निराश्रित महिलाओं और वृद्धजनों को व्यापक सहायता पहुंचाना है। इसके साथ ही हिमाचल अनाथ बच्चों एवं अन्य वंचित वर्गों की मदद के लिए कानून बनाकर यह योजना लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया। मंगलवार को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना का औपचारिक शुरूआत करने के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू ने योजना के पात्र बच्चों को 4.68 करोड़ रुपये के वित्तीय लाभ का वितरण भी किया। इसमें उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे 48 अनाथ बच्चों को फीस और छात्रावास व्यय के रूप में 15.52 लाख रुपये तथा मासिक व्यय के रूप में 11.52 लाख रुपये शामिल हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत 17 अनाथ बच्चों को 7.02 लाख रुपये फीस तथा





4.08 लाख रुपये मासिक व्यय का वितरण किया गया। इस मौके पर सुक्खू ने कहा कि इस योजना के तहत भूमिहीन अनाथ बच्चों को गृह निर्माण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में तीन बिस्वा भूमि और शहरी क्षेत्रों में दो बिस्वा भूमि तथा तीन लाख रुपये की वित्तीय सहायता का भी प्रस्ताव है। इस पहल के द्वितीय चरण में 10वीं तथा 12वीं कक्षा के 268 बच्चों को लैपटॉप प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विधवा, एकल नारी और विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों सहित विभिन्न वंचित वर्गों को पेंशन और अपंगता राहत भत्ते की प्रक्रिया का सरलीकरण कर उन्हें आय सीमा में भी छूट दी जा रही है। सुक्खू ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार राज्य में अनाथ एवं अन्य वंचित वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुख-आश्रय योजना के अन्तर्गत नए चिन्हित लगभग 2700 अनाथ बच्चे, जो कि अपने रिश्तेदारों के साथ रह रहे हैं, उन्हें भी 27 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक चार हजार रुपये मासिक वित्तीय सहायता दी जाएगी। सुक्खू ने कहा कि योजना के अन्तर्गत अनाथ बच्चों को वार्षिक आधार पर 15 दिवसीय अध्ययन भ्रमण करवाया जाएगा। जिसका होटलों में ठहराने से लेकर हवाई यात्रा व अन्य सभी व्यय प्रदेश सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि अनाथ बच्चों को यह अधिकार दया के रूप में नहीं अपितु एक कानून बनाकर उन्हें उपलब्ध करवाया जा रहा है।

# भौतिक विज्ञान में पियरे, फेरेंक और ऐनी को मिला नोबेल पुरस्कार

**नई दिल्ली**

**साल** 2023 के लिए नोबेल पुरस्कारों का एलान कर दिया गया है। भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में तीन लोगों को नोबेल पुरस्कार दिया जाएगा। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने भौतिक विज्ञान में 2023 का नोबेल पुरस्कार पियरे एगोस्टिनी, फेरेंक क्रॉस्ज और ऐनी एल'हुइलियर को देने का निर्णय लिया है। विभाजित सेकंड के सबसे छोटे हिस्से में परमाणुओं को देखने के लिए तीनों वैज्ञानिकों को भौतिकी में नोबल पुरुस्कार दिया गया है। पियरे एगोस्टिनी अमेरिका की ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी, जर्मनी में मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट ऑफ क्वांटम ऑप्टिक्स और म्यूनिख के लुडविग




मैक्सिमिलियन विश्वविद्यालय से संबंध रखने वाले के फेरेंक क्रॉस्ज और स्वीडन के लुंड विश्वविद्यालय की ऐनी एल'हुइलियर को यह पुरस्कार दिया जाएगा।

चिकित्सा में कैटालिन कारिको और ड्र्यू वीसमैन को नोबेल

इससे पहले चिकित्सा के क्षेत्र में कैटालिन कारिको और ड्र्यू वीसमैन को 2023 का नोबेल पुरस्कार मिला है। दोनों वैज्ञानिकों को ये पुरस्कार उडश्कऊ-19 के खिलाफ उनकी खोज के लिए दिया गया है।

नोबेल पुरस्कार विजेता को 1 मिलियन डॉलर रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के महासचिव हंस एलेग्रेन ने मंगलवार को स्टॉकहोम में पुरस्कार की घोषणा की। नोबेल पुरस्कार में 11 मिलियन स्वीडिश क्रोनर (1 मिलियन डॉलर) का नकद पुरस्कार दिया जाता है। यह धनराशि पुरस्कार के निमार्ता, स्वीडिश आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल द्वारा छोड़ी गई वसीयत से दी जाती है। अल्फ्रेड नोबेल की मृत्यु साल 1896 में हो गई थी।

## मथुरा कृष्ण जन्मभूमि विवाद पर अब 30 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने मथुरा कृष्ण जन्मभूमि विवाद पर मामले की सुनवाई 30 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के संबंधित रजिस्ट्रार को सुनवाई की अगली तारीख पर अदालत में पेश होने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत में निपटाए जा रहे हैं मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि विवाद से संबंधित सभी मुकदमों का विवरण देने का भी आदेश दिया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 3 अक्टूबर को सुनवाई करने का फैसला किया था। बता दें कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जन्मभूमि विवाद से संबंधित।

# जेल के बंदियों की न्यूनतम दरें बढ़ाई जाएंगी : धामी

**देहरादून**

**मुख्यमंत्री** की अध्यक्षता में सचिवालय में जेल विकास बोर्ड की पहली बैठक में कारागारों में श्रम में नियोजित बन्दियों की न्यूनतम मजदूरी दरों को बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

दैनिक पारिश्रमिक कुशल के लिए 67 रुपये से बढ़ाकर 85 रुपये, अर्द्धकुशल के लिए 52 रुपये से बढ़ाकर 65 रुपये और अकुशल के लिए 44 रुपये से बढ़ाकर 55 रुपये दिये जाने का निर्णय लिया गया। राज्य के सभी कारागारों में बेकरी यूनिट की स्थापना की जायेगी। 02 फरवरी 2023 को जिला कारागार देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बेकरी यूनिट का शुभारंभ करने के



अच्छे परिणाम आने के बाद यह निर्णय लिया गया।

बैठक में सम्पूर्णानन्द शिविर (खुली जेल) सितारगंज में अच्छी नस्ल की 10 गायें क्रय करने पर सहमति बनी। सम्पूर्णानन्द शिविर (खुली जेल) सितारगंज में शिविर की 05 बीघा भूमि पर विभिन्न प्रजाति के फलदार तथा औषधीय पौधों की पौधशाला की स्थापना के लिए बैठक में सहमति बनी। इसके लिए प्रशिक्षण, देखरेख एवं खरीद की सभी व्यवस्था उद्यान विभाग करेगा। इस पौधशाला केन्द्र से 50 से 60 बंदियों को श्रम पर नियोजित किया जा सकेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि कारागारों में निरुद्ध बन्दियों के कौशल विकास के लिए कौशल विकास विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। बन्दियों की रुचि एवं योग्यता के अनुसार विद्युतकार, वेल्डर, कारपेन्टर, सिलाई, बढ़ई जैसे व्यवसायों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। पहले चरण में 500 बन्दियों को प्रशिक्षित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। बन्दी वस्त्रों की धुलाई के लिए देहरादून और हरिद्वार कारागारों में लॉड्री मशीन की व्यवस्था की जायेगी। जिला कारागार, हरिद्वार में संचालित पावरलूम उद्योग का आधुनिकीकरण किया जायेगा। कारागारों में निर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए यदि विभागों को उत्पाद की गुणवत्ता और कीमत सही लगती है, तो क्रय करने की अनुमति दी जायेगी।

# छत्तीसगढ़ के बच्चों को मिलेगी नीट-जेईई की फ्री कोचिंग : सीएम बघेल

**रायपुर**

**मुख्यमंत्री** भूपेश बघेल ने इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की नवाचारी ह्यस्वामी आत्मानंद कोचिंग योजनाह्य का मंगलवार को अपने निवास कार्यालय से ऑनलाईन शुभारंभ किया। इस योजना के तहत प्रदेश के 146 विकासखंड मुख्यालयों और चार शहरों- रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कोरबा सहित 150 कोचिंग सेंटर के माध्यम से शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। मुख्यमंत्री बघेल और स्कूल शिक्षा मन्त्री रविन्द्र चौबे के समक्ष स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम एवं ऐलन कैरियर




कोचिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तैयार ब्रोशर का विमोचन किया। उन्होंने राज्य के विकासखंडों के कोचिंग सेंटर में उपस्थित बच्चों से चर्चा कर योजना के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान स्कूली बच्चों ने अपने बेहतर भविष्य के लिए योजना के प्रति भरपूर खुशी का इजहार करते हुए मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ करते हुए छत्तीसगढ़ में बच्चों के कैरियर निर्माण के लिए की एक और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि निकट भविष्य में पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की सर्वसुविधा युक्त बेहतर ऑनलाईन कोचिंग की व्यवस्था भी हम सभी विकासखण्डों में करेंगे। मुख्यमंत्री बघेल ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह योजना बच्चों के सुनहरे भविष्य को गढ़ने में अहम साबित होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि वह हर क्षेत्र में वातावरण का निर्माण करें।

# न्यूजक्लिक केस में सीताराम येचुरी के घर भी पहुंची दिल्ली पुलिस

**नई दिल्ली**

**चीन से** कथिक फंडिंग लेने के आरोप में मंगलवार (3 अक्टूबर) को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने ऑनलाइन पोर्टल न्यूजक्लिक से जुड़े 30 परिसरों पर छापेमारी की। इसके साथ ही पुलिस ने न्यूजक्लिक से जुड़े पत्रकारों के घरों में भी तलाशी ली। इसी केस के सिलसिले में सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी के घर भी दिल्ली पुलिस पहुंची। येचुरी ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करके बताया कि उनके घर पुलिस क्यों आई थी। वरिष्ठ नेता ने



दावा किया कि दिल्ली पुलिस की छापेमारी में सीपीआई (एम) का कोई हाथ नहीं है। येचुरी ने कहा, "दिल्ली पुलिस हमारे घर पहुंची है क्योंकि हमारी पार्टी के साथी हमारे साथ रहते हैं जिनका बेटा न्यूजक्लिक में काम करता है। यह छापा क्यों मार रहे, इसका कारण क्या है इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।"

## उद्योगों के लिए बढ़ाई बिजली दरें घटाने पर सरकार करेगी पुनर्विचार : उद्योग मंत्री

**सोलन**

**प्रदेश** में उद्योगों के लिए बढ़ाई गई बिजली की दरों में रियायत देने पर सरकार पुनः विचार करेगी । मंगलवार को सोलन में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश में उद्योगों के लिए बढ़ाई गई बिजली की दरों को घटाने पर पुनर्विचार किया जाएगा । उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में एक प्रतिनिधि मंडल ने उनसे मुलाकात की थी और इन दरों को घटाने का आग्रह किया था । इसके लिए मुख्यमंत्री से भी वार्ता की गई है और जल्द निर्णय लिया जाएगा । उद्योग मंत्री ने कहा कि भारी बरसात से प्रदेश में बड़ी त्रासदी देखने को मिली है जो पिछले 50 वर्षों में नहीं देखी गई ।

इसके लिए केंद्र की सरकार को इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की गई है । लेकिन इसके लिए विपक्ष दल भाजपा के नेताओं ने समर्थन देने से इनकार कर दिया, जो बड़े ही दुख की बात है ।

### सीएम योगी ने महायोगी कृषि विज्ञान केंद्र में विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित किया

# कुशीनगर में स्थापित होगा कृषि विश्वविद्यालय: योगी

**गोरखपुर**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कृषि के माध्यम से हमारे किसान अपना जीविकोपार्जन करने के साथ ही देश की अर्थव्यवस्था में भी सहयोग करते हैं। इसी दिशा में हम पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए कुशीनगर में एक कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना करने जा रही है। इसके लिए धनराशि स्वकृति हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार कृषि को उत्तम रोजगार का साधन बना रही है। इसके माध्यम से पलायन कर रहे किसानों को हम





फिर से खेती से जोड़ा रहे हैं। सीएम योगी ने मंगलवार को महायोगी कृषि विज्ञान केंद्र में विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार की मंशा है कि प्रदेश के किसानों को कृषि संबंधित सभी प्रकार की जानकारी एक ही केंद्र में प्राप्त हो। इस दिशा में कृषि विज्ञान केंद्र बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में देश की बागडोर संभालते ही सबसे पहला कार्य किसानों के लिए किया। इसके लिए उन्होंने देश के किसानों को फ्री में स्वाइल हेल्थ कार्ड की व्यवस्था उपलब्ध कराई। सीएम योगी ने कहा कि आज देश के किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और लागत का डेढ़ गुना दाम हर किसान को मिल रहा है। साथ ही दो करोड़ 62 लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से सालाना छह हजार रुपये देकर उन्हें संबल प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने एक तरफ जहां खेती को किसानों के जीवन के परिवर्तन का माध्यम बनाया है।

## सीतारमण ने प्रधानमंत्री ऋण योजनाओं के तहत लोन किए वितरित

**कोयंबटूर/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को तमिलनाडु के कोयंबटूर में प्रधानमंत्री ऋण योजनाओं के तहत एक लाख से अधिक लाभार्थियों को 3,748 करोड़ रुपये के लोन वितरित किए।

सीतारमण ने तमिलनाडु के कोयंबटूर में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को लोन बांटे। उन्होंने पीएम मुद्रा, स्टैंड-अप इंडिया, एग्री-इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ), किसान क्रेडिट कार्ड (फसलें, पशुपालन और मत्स्य पालन), पीएमईजीपी, पीएमस्वनिधि आदि जैसी केंद्र सरकार की कई योजनाओं के लाभार्थियों को चेक और मंजूरी पत्र सौंपे। वित्त मंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट पर ट्विट कर दी जानकारी में बताया कि सीतारमण ने कोयंबटूर में एक लाख से अधिक लाभार्थियों को 3,748 करोड़ रुपये के ऋण प्रदान किये। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिलों को हर प्रकार की सरकारी सहायता देने में प्राथमिकता दी जा रही है।

# सिटी आस-पास संदेश

## खबर संक्षेप

### श्री रामलीला कमेटी मैलहन का मंचन 15 से

**फूलपुर।** फूलपुर के मैलहन गांव में स्थित स्वर्गीय पंडित ओंकार नाथ वैद्य द्वारा स्थापित प्राचीन श्री रामलीला कमेटी कार्यक्रम का मंचन 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक निर्धारित किया गया है। रामलीला राम जन्म से लेकर लंका दहन तथा रावण वध तक खेली जायेगी । रामलीला के सफल संचालन हेतु मंगलवार को कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष घनश्याम दुबे, संचालन शिवाजी दुबे, साज सज्जा प्रकाश दुबे, दर्शनार्थी व्यवस्था हिमांशु उर्फ छोटू दुबे, निर्देशक उमाकांत उर्फ बनारसी पांडेय, रामायण पाठ सियाराम मिश्र, प्रबंधक श्याम जी दुबे एडवोकेट एवं पुट्टी लाल गुप्ता, सिंगार व्यवस्था उमाकांत दुबे गुरु, शांति व्यवस्था मुकेश सोनी एवं ध्वनि एवं प्रकाश की जिम्मेदारी का निर्वहन राहुल दुबे करेंगे।

# खंभा न तार प्राथमिक विद्यालय के नाम से दो लाख आ रहा बिल

अखंड भारत संदेश



**कोरांव।** केंद्र व प्रदेश सरकार भले ही विद्युतीकरण कराने के लिए आदेश जारी किए हो किंतु जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा न तो खंभा न ही तार फिर भी कनेक्शन कर मीटर लगा दिए गए हैं जिसका बिल लाखो रुपए में आ रहा है। मामला कोरांव तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय दर्शनी गांव का है । जहां पर विद्यालय में बिजली का मीटर लगा दिया गया है किंतु खंभा और तार का अता पता नहीं है लेकिन बिजली का बिल लाखो रुपए में आ रहा है। ग्राम प्रधान दिनेश कुमार यादव ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा विजली मीटर तो लगा दिया गया है और बिजली का बिल भी आ रहा है उन्होंने बताया कि कई बार तहसील दिवस व ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराया किंतु अधिकारियों के द्वारा मनमानी रिपोर्ट लगा दी जाती है जिससे प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों शिक्षक को उमस भरी गर्मी झेलना पड़ता है उन्होंने ने कहा कि बिजली का बिल 3 महीने पूर्व हमें बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा दो लाख 89 हजार का बिल का रसीद पकड़ा दिया गया था। जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा स्कूल को वंचित कर दिया गया है जिससे उमस भरी गर्मी को लेकर बच्चों को शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है। प्रधान ने बताया कि बहुत पहले गांव में विद्युतीकरण हुआ था जो की बिजली का तार जर्जर हालत में है।और नीचे लटक रहा है उससे कभी भी ठीक नहीं कराया गया जिससे घटनाएं घटित हो सकती है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी नीचे लटक रहे तार को भी बदलाव व सही नहीं करा रहे हैं।उन्होंने कहा कि जहां से बच्चो की भविष्य बनती है वहा भी अधिकारियों की तानाशाही की वजह से बिजली का कार्य नही कराया गया है।सिर्फ झूठा अनुशासन दिया जा रहा है जिम्मेदार अधिकारी इतना कहते हुए पल्ला झाड़ लेते है की रिपोर्ट भेज दिया गया है।आदेश आने पर विद्यालय में विद्युतीकरण करा दिया जायेगा। ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शीघ्र विद्युतीकरण कराने की मांग की है जिससे बच्चो व शिक्षकों को उमस भरी गर्मी से निजात मिल सके। इस संदर्भ में एसडीओ कोरांव से बातें करने की कोशिश की गई किंतु उनका फोन से संपर्क नहीं हो सका।



### कूलर का स्वीच आन करते समय करंट की चपेट में आया मासूम, मौत

**मेजा।** सोमवार देर रात ऊंचडीह बाजार में कूलर का स्वीच आन करते समय करंट की चपेट में आने से मासूम की मौत हो। उसे बचाने पहुंची उसकी दादी भी झुलस गई। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात लगभग साढ़े दस बजे ऊंचडीह बाजार पसियान बस्ती निवासी लवकुश भारतीया का छह वर्षीय मासूम बेटा रिधान भारतीया खाना खाकर कुलर का स्वीच ऑन करने गया की करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसे बचाने के लिए उसकी दादी दुखना भारतीया गई तो वह भी करंट की चपेट में आने से झुलस गई। जिसका इलाज चल रहा है। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मंगलवार सुबह रिधान का गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

# मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार

**भक्त और मूर्तिकार एक न्योछावर तय करके ले जाते है मां की मूर्तियां - मंगला मूर्तिकार**

अखंड भारत संदेश



**करछना।** प्रयागराज शारदीय नवरात्र में नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पंडाल बनेंगे।उनमें मां के विभिन्न रूपों की मूर्तियां स्थापित होंगी। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित होने वाली मूर्तियों को मूर्तिकार बनाने में जुटे हुए हैं। करछना तहसील क्षेत्र के हरदुआ गांव निवासी मंगला प्रजापति को जिले में एक अच्छे मूर्तिकार के रुप में जाना जाता है। इनके द्वारा बनाई गई मां की मूर्तियां नगर में ही नहीं अपितु पड़ोसी जनपदों में जाती हैं। मूर्तिकार मंगला मूर्तियों को बनाने का कार्य कई महीने पहले से प्रारंभ कर देते हैं। 15 अक्टूबर से प्रारंभ होने जा रही नवरात्र को लेकर मूर्तिकार तैयारी में जुटे हैं। तीन फुट से लेकर 8 फुट तक मूर्ति तैयार की जा रहीं हैं। इनकी कीमत निर्धारित नहीं की जाती है। भक्त और मूर्तिकार एक न्योछावर तय कर लेते हैं तथा मूर्तियों को ले जाते हैं। प्रतिमाएं घास, फूस, लकड़ी, मिट्टी और कलर से तैयार की जातीं हैं। नवरात्र शुरू होते ही प्रतिमाएं पंडालों और घरों में स्थापित हो जाएंगी। मूर्तिकार मंगला प्रजापति ने बताया कि मूर्ति बनाने का कार्य कई वर्षों से होता चला आ रहा है। उन्होंने बताया कि अपने घर के लोग ही मूर्तियां बनाने में मदद करते हैं अगर मजदूर लाकर मूर्तियां बनवाएंगे तो बहुत महंगा पड़ेगा और काफी मजदूरी लग जाएगा। आज मूर्तियों में लगने वाला हर एक सामान पहले से दोगुना हो गया है, पहले जो सामान हजार डेढ़ हजार में मिलता था वही सामान आज 2000 से लेकर 3000 रुपए में मिलता है।



### बीडीओ को प्रधान संगठन ने सौपा ज्ञापन

**कोरांव प्रयागराज।** अखिल भारतीय प्रधान संगठन ब्लाक कोरांव प्रयागराज के अध्यक्ष रामानुज यादव एवम प्रदेष संगठन मंत्री दिलीप सोनी तथा प्रयागराज मंडल मंत्री अहद अहमद सिदिकी उर्फ शहजादे आदि के अगुआई में प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी कोरांव धीरेंदर सिंह यादव को पांच सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी तथा पुलिस आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत करने हेतू सौपा। बता दे की कई दर्जन ग्राम प्रधानों ने ग्राम प्रधान कुकुरहटा और उनके परिजनों के विरुद्ध राजनैतिकद्वेष पूर्ण की भावना से ग्रसित हो कर महिला पंचायत सहायक की ओर से थाना कोरांव में दर्ज कराई गई एफ आई आर तथा ग्राम प्रधान के द्वारा दी गई तहरीर दर्ज न किए जाने पर साथ ही कोटेदार अल्हवा द्वारा सड़क निर्माण कार्य के दौरान प्राण घातक हमला किया गया था किंतु हमलावरों के विरुद्ध आज तक मुकदमा न पजीकृत किए जाने के कारण नाराज ग्राम प्रधानों कार्यवाही की माग की साथ ही माग पत्र में प्रधानों के बिरुध प्राप्त सिकायतो की जांच बिना किए ही केस न दर्ज किए जानें आदि विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। ब्लाक अध्यक्ष रामानुज यादव ने खंड विकास अधिकारी कोरांव से कहा की यदि माग पत्र के अनुसार कार्यवाही नहीं की गई तो कलम बंद हड़ताल करने के लिए प्रधान संगठन बाध्य होगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की फांसी पर लटक कर हुई मौत, ससुराली जन फरार

**सहसों।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत चंदौहा गांव में मंगलवार को सुबह विवाहिता की फांसी से लटक कर मौत हो गई। जानकारी मिलने पर मायके वालों ने तहरीर देते हुए ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। ससुराल में सभी आरोपी फरार है। चंदौहा गांव निवासी सुरेश भारतीया का विवाह छह माह पहले बहरिया थाना क्षेत्र के अजीजपुर गांव निवासी राम सजीवन भारतीय की बेटी रंगीला देवी (21) के साथ हुई थी। मंगलवार को सुबह घर के अंदर छत के चुल्ला से लटक कर रंगीला देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी मिलने पर वहां हड़कंप मच गया। स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना पाकर मायके के लोग भी रोते बिलखते हुए पहुंच गए। मृतका के भाई विकास भारतीय की लिखित तहरीर पर पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

# गांधी जी की इच्छा की पूर्ति के लिए स्वच्छता का संकल्प लेना जरूरी - डॉ. संगम मिश्र

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** देश के प्रत्येक शहरों और गांवों सुंदर एवं स्वच्छ बनाने के लिए यशश्वी प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर स्वच्छता के लिए चलाया जा रहा श्रमदान अभियान गांधी जी के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनकी इच्छाओं की पूर्ति के लिए देश प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता का संकल्प लेना आवश्यक है। उक्त उद्गार वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी डॉ. संगम मिश्र ने गांधी जयंती के अवसर पर प्रयागराज शहर में स्वच्छता महाभियान के दौरान श्रमदान देते हुए व्यक्त किया। उन्होंने लालचौक में बड़ी संख्या में मौजूद लोगों को स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी स्वच्छता के लिए सदा लोगों को जागरूक करते थे वे स्वयं अपने आश्रम की साफ सफाई किया करते थे। श्री मिश्र ने आगे कहा कि गांधी जी स्वच्छता विचार को हमारे यशश्वी प्रधानमंत्री ने जन आंदोलन के रूप में परिवर्तित कर दिया है आज प्रधानमंत्री स्वय झाड़ू लेकर देश की सफाई के लिए निकल पड़े हैं यह उसी का परिणाम है कि हम कोरोना जैसी महामारी को कंट्रोल कर पाए हैं। इतना ही नहीं लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करते हुए उन्होंने सड़कों घरों को स्वच्छ रखने कुडे को कूड़ेदान में डालने के साथ साथ स्वच्छता अभियान पखवाड़ा पूरे साल भर चलाने की अपील किया। गौरतलब है कि श्री मिश्र के साथ पुरानी झूंसी के कई वरिष्ठ नागरिक युवा एवं महिलाएं इस महाभियान का हिस्सा बनी जो सी डी तिवारी के घर से सेंट्रल एकेडमी होते हुए लालचौक चौराहे तक पहुंचा और सभी ने साफ सफाई कर श्रमदान दिया। इस मौके पर आस पास के बड़ी संख्या में मौजूद लोगों के साथ एस के तिवारी शंकर देव त्रिपाठी दिवाकर संजय रंजना घनश्याम आकाश अंकुर तथा लल्लन आदि के अतिरिक्त बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रहीं।

## न्यूज झरोखा

### राइड फार रेड का आयोजन सकुशल सम्पन्न हुआ



**प्रयागराज।** संस्थाओं ने मिल कर रक्त जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए नुक्कड़ नाटक और साइकिल राइड के माध्यम से लोगों को मोटीवेट किया,कार्यक्रम सुभाष चौराहा से कंपनी गार्डन गेट 1 पर हुआ. कार्यक्रम में मेयर गणेश केसरवानी साइकिल राइड में शामिल हुए और नगर वासियों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया उन्होंने आश्वासन दिया कि समय पर समय ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करते रहेंगे जिससे लोग ब्लड डोनेट करने में घबराये नहीं वहीं यूफोरियल यूथ सोसाइटी और रक्तसंकल्प के फाउंडर ने रक्त दान के फायदे बताये,राइड फॉर रेड का मुख्य उद्देश्य है कि प्रयागराज में शत प्रतिशत वॉलन्टरी ब्लड डोनर शहर हो लोग खुद से समय पर रक्तदान करे जिससे शहर में रक्त का अभाव ना हो । ब्लड डोनेशन से आप किसी जरूरतमंद की जान बचाते हैं, और साथ ही आपकी सेहत को भी कई फायदे होते हैं।यही वजह है कि लोगों को इसके बारे में जागरुक करना बेहद जरूरी है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एनसीसी यू पी 6 बटालियन की कैंडिडेट्स,यूफोरियल यूथ सोसाइटी,रक्तसंकल्प,रॉबिन हूड आर्मी, बंगाली सोशल एवं कल्चरल एसोसिएशन, भारत विकास परिषद, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3120 एवं साथ ही जनपद की सभी रोटरी क्लब्स ने अहम भूमिका निभाई ।

### गांधी जयंती पर कस्तूरबा विद्यालय में प्रतियोगिता आयोजित



**मेजा।** भारतीय स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा और गति देने वाले महापुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा जय जवान जय किसान का नारा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर की 154वीं जयंती सोमवार को धूमधाम से मनाई गई। इसी क्रम में सोमवार को कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय मेजा खास में दोनों महापुरुषों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई ।तत्पश्चात पोस्टर, वाद विवाद, निबंध प्रतियोगिता कराई गई। इस अवसर सफाई कर्मी सीता देवी को सम्मानित किया गया इस समारोह में वार्डेन सीतान्जली गुप्ता, अल्पना मिश्रा, रीता आर्या, अतुल कुमार यादव, सर्वेश त्रिपाठी और हरिश्चंद्र उपस्थित रहे।

### गांधी जयंती के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों के स्तम्भ पर पुष्प अर्पित कर नमन किया

**करछना** प्रयागराज विकास खंड करछना में गांधी जी शास्त्री की जयंती के अवसर पर ध्वजारोहण कर धूमधाम से मनाई गई जयंती ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी एवं खंड विकास अधिकारी धीरेश गुप्ता ने ब्लाक मुख्यालय पर गांधी जी एवं शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया और मुख्यालय स्थित स्वतंत्रता सेनानियों के स्तम्भ पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए याद किया, इस अवसर पर ब्रजेश द्विवेदी,सोनू सिन्हा, मनीष कुमार यादव, मनीष शुक्ला, रमाकांत पांडे एडीओ, सोनल शुक्ला एडीओ कोआपरेटिव, एडीओ आईएसबी, दीपेश सिंह अमित यादव, संजीव श्रीवास्तव, रामसकल, कमल सिंह, सहित ब्लाक कर्मी मौजूद रहे।

### पित्रों के मोक्ष हेतु चनेथू से गया धाम किया प्रस्थान

**जंघई।** चनेथू पड़ान गांव निवासी घनश्याम पांडेय अपनी धर्मपत्नी के साथ पितृ पक्ष में अपने माता पिता एवं पूर्वजों के श्राद्ध हेतु मंत्रोच्चारण के बीच तर्पण पिंडदान के माध्यम से सभी बंशावली पर ध्यानपूर्वक ध्यान केंद्रित करके अपने अराध्य इष्टदेव एवं पूर्वजों की आत्मा की शांति एवं अपने परिवार खानदान की सुख समृद्धि हेतु रविवार को गया धाम प्रस्थान किया। पित्रों के श्राद्ध से मोक्ष की प्राप्ति होती है पितृ पक्ष मे ही लोग पित्रों के तर्पण हेतु भरतकूप होते हुए गया मे पिंडदान करते है। पारिवारिक सदस्यों, खानदान तथा क्षेत्रवासियों के संग गाजे बाजे के साथ गांव में भ्रमण करते हुए गांव के प्रत्येक घर की सुख शांति हेतु सभी घरों में अक्षत छिड़कते हुए प्रस्थान किया। इस अवसर पर गांव एवं क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जसरा में महामंडलेश्वर ने रवाना किया 5100मीटर तिरंगा यात्रा

अखंड भारत संदेश



**जसरा।** जसरा बाजार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज की ओर से जसरा रेलवे फाटक से बारा तहसील तक 5100 मीटर लम्बा तिरंगा यात्रा को किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर टीना मां ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा यात्रा के पूर्व देश प्रेम से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जय महाकाल फाउंडेशन द्वारा 5100 मी तिरंगा यात्रा की शुरूआत जसरा बाजार से की गई। तिरंगा यात्रा को प्रयागराज की महामंडलेश्वर टीना मां ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर दूर दराज के गांवों से आए सैकड़ो की संख्या में युवाओं ने झंडा को पकड़ रखा था । बताते चलें कि युवाओं ने संकल्प लिया है कि सबसे लम्बा तिरंगा यात्रा निकाल कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराएंगे। वहीं डीजे के धुन पर युवाओं का जोश चरम पर था। क्षेत्र के समाजसेवी व व्यापारियों ने भी बढ़-चढ़कर तिरंगा यात्रा में सहयोग किया तथा तिरंगा यात्रा में शामिल युवाओं का उत्साहवर्धन किया। तिरंगा यात्रा जसरा बाजार से प्रारंभ होकर तहसील बारा में समापन किया जाएगा। वहीं तिरंगा यात्रा के मार्ग पर ग्रामीणों ने जगह-जगह युवाओं का फूल वर्षा द्वारा स्वागत किया एवं जलपान कराया। लगभग 3 घंटे तक चले कार्यक्रम का समापन बारा तहसील में महामंडलेश्वर टीना मां के द्वारा किया गया। टीना मां ने युवाओं के द्वारा तिरंगा यात्रा निकालने को लेकर हर्ष व्यक्त किया तथा कहा कि क्षेत्र में देश प्रेम के प्रति एक संस्कार विकसित करने की बात कही । इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक अरविंद द्विवेदी, राजा बाबू पाठक, आयोजक दीपू पाठक, अतुल गुप्ता, बृजभान पटेल, राम जी तिवारी,सौरभ पाठक,चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, राजेश त्रिपाठी, दिवाकर प्रताप सिंह डईया, राजेश जायसवाल, राजू केसरवानी,मुन्ना पाठक, शत्रुघ्न केसरवानी, विधायक प्रतिनिधि आलोक पाठक, सुरेंद्र पटेल,जगत नारायण शुक्ला मंडल अध्यक्ष जसरा,सुधांशु मिश्रा, सुरेंद्र केसरवानी,सत्यम चतुवेर्दी, आशीष सोनकर,संदीप कुमार,बच्चा केसरवानी ,शंकर लाल मधुकर, नीरज केसरवानी, रमेश केसरवानी आदि सैकड़ों लोग सम्मिलित रहे।

### दो अवैध देशी बम व एक बाइक सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**झूंसी।** पुलिस द्वारा मंगलवार को विशेष चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर झूंसी थाना क्षेत्र के लोटस अस्पताल के पास मछली मंडी नई झूंसी से घेराबंदी कर एक अभियुक्त चंद्रशेखर आजाद पुत्र कृष्ण कुमार निवासी पूरऊपुर भीरपुर थाना मुंगरा बादशाहपुर जनपद जौनपुर को झूंसी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान दो अदद अवैध विदेशी बम व एक आदत मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस ने मय बरामदगी के साथ अभियुक्त को थाने ले जाकर अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में निरुद्ध करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक नवीन कुमार सिंह चौकी प्रभारी छतनाग थाना झूंसी, उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव, उप निरीक्षक अभय कुमार यादव एवं कांस्टेबल राघवेंद्र सिंह थाना झूंसी कमिश्नरेट शामिल रहे।

# महिला पॉलिटेक्निक में गांधी जयंती को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मना



**मेजा।** सोमवार को राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कालेज मेजा में गांधी जयंती को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूवात प्रधानाचार्य शैलेन्द्र विक्रम द्वारा ध्वजारोहण तथा सामूहिक राष्ट्रगान के साथ किया गया। तत्पश्चात गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद समस्त स्टाफ एवं छात्राओं द्वारा रामधुन गाया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा गांधी जी एवं शास्त्री जी के जीवन दर्शन पर विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। प्रधानाचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि गांधी जी ताउम्र देश की सेवा में लगे रहे, इसीलिए उन्होंने राजनीति में कोई पद नहीं लिया। कार्यक्रम का समापन मिष्ठान वितरण के साथ हुआ।

# बिना परमिट के सड़कों पर फराटे भर रहे डगामार वाहन, जिम्मेदार बना अंजान





**कोरांव।** प्रदेश सरकार भले ही डग्गामार वाहनों पर कार्यवाही करने का आदेश जारी किया गया हो किंतु जमीनी हकीकत कुछ अलग ही बया कर रही है।कोरांव क्षेत्र में इस समय बिना परमिट के ही डग्गामार वाहन सड़को पर बेधड़क फरार्टे भरते देखे जा रहे हैं।सड़को पर फरार्टे भरते दौड़ रहे वहां पर यात्री अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे हैं।किंतु जिम्मेदार अधिकारी व इलाकाई पुलिस मामले को लेकर मुकदर्शक बनी हुई हैं। डग्गामार वाहनों के अलावा कोरांव क्षेत्र में इस समय ओबरलोड वाहनों की भरमार देखी जा रही है।चचाओं पर गौर करें तो ओबरलोड वाहनों से भी इलाकाई पुलिस अवैध वसूली करने का काम करती है जहां पर डग्गामार वाहन ओबरलोड वाहनों के आवागवन से कोरांव बाजार में आए दिन जाम लगता है। जिससे स्कूल टाइम में भी ओबरलोड़ वाहन व डग्गामार वाहन पर कोई पाबंदी नहीं लगाई जाती है जिससे छोटे बच्चों को स्कूल आने-जाने में भी असुविधाएं होती है ।क्षेत्र में अवैध कार्य इस समय इस तरह से हो रहे हैं की अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं की आए दिन घटनाएं घटित होती रहती है। पुलिस प्रशासन चाहे अवध मादक पदार्थों की तस्करी हो या पशु तस्करी करने वाले लोग हो अथवा अवध खनन में संलिप्त कोई खौफ नहीं रह गया है। कोरांव क्षेत्र व चौराहों पर चर्चा है कि इस समय अवैध कार्य करने वाले लोग थाने पर दिन भर डटे रहते हैं।

### जमुनापार महोत्सव को लेकर साहित्य समिति की हुई बैठक

**करछना।** आगामी 31अक्टूबर से क्षेत्र के बृज मंगल सिंह इंटर कॉलेज रामपुर में आयोजित 25 वें सात दिवसीय जमुनापार महोत्सव के साहित्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान मंच पर सम्पादित होने वाली साहित्यिक गतिविधियों पर चर्चा हुई।जागृति मिशन और महोत्सव के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने कहा कि बच्चों की प्रतिभाओं को निखार रहे महोत्सव में निबन्ध,वाद-विवाद, भाषण आदि कई जमुनापार स्तर के विद्यार्थियों की प्रतियोगिताओं के साथ अपने कवि,साहित्यकारों द्वारा कविता पाठ एवं समसामयिक विमर्शों पर विभिन्न दिवसों पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साहित्य सचिव डा.राजेन्द्र शुक्ल एवं डॉ.वीरेन्द्र सिंह कुसुमाकर ने प्रतिवर्ष मंच पर सम्मान समारोह के क्रम में किसी वरिष्ठ रचनाकार कोजमुनापार गौरव सम्मान प्रदान करने का सुझाव दिया। इसके अलावा प्रतियोगिताओं हेतु जनसम्पर्क,पत्राचार, प्रचार प्रसार को लेकर भी चर्चा हुई। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि रामलोचन सांवरिया ने कहा कि इस वर्ष रामलीला,पुरोहित सम्मेलन,आल्हा गायन, पारम्परिक लोकनृत्य के विशेष कार्यक्रम भी महोत्सव के आकर्षण होंगे।जिसे लेकर कलाकारों से सम्पर्क शुरू कर दिया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम और गतिविधियों को लेकर आगामी शनिवार को लोकमंगल संस्थान में वरिष्ठ लोककलाकारों की बैठक में भी चर्चा की जाएगी।इस मौके पर पं.शशिकर द्विवेदी,जीतेंद्र जलज,विपिन परिहार,अशोक बेसरम,मुन्ना मासूम,मोहिनी श्रीवास्तव,वेद श्रीवास्तव,संजय पांडेय सरस,सबरेज अहमद,शिवा शुक्ला आदि रहे।

# गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर इफको में चला वृहद स्वच्छता अभियान

अखंड भारत संदेश




**फूलपुर।** गांधी जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को इफको में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया के नेतृत्व में वृहद स्वच्छता श्रमदान किया गया जिममें मैत्री उद्यान, इफको चिकित्सालय, श्री राम मंदिर तथा ओम बाल विद्या मंदिर के साथ ही अन्य सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। वृहद स्वच्छता श्रमदान में इफको परिवार के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त महिला चेतना क्लब के सदस्यों ने क्लब की अध्यक्षा विनीता कुदेशिया के नेतृत्व में सार्वजनिक पार्क एवं स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः संजय वैश्य, एम.डी.मिश्र, ए.पी. राजेन्द्रन, पी.के.सिंह, संजय भंडारी, अरूण कुमार, प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन विश्वजीत श्रीवास्तव, इफको आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सोनू तिवारी व महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव, महिला चेतना क्लब की सदस्य रमा वैश्य, सरिता सिंह,रेखा जायसवाल, पल्लवी विक्की एवं बड़ी संख्या में इफको अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री ने रेहणी-पटरी दुकानदारों के साथ किया संवाद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को आनंद भवन के समीप रेहणी-पटरी दुकानदारों का कुशलक्षेप जाना एवं उनके साथ संवाद किया। इस अवसर पर रेहड़ी-पटरी दुकानदारों को सम्बोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य का दिन है कि आप लोगो से मिलने व संवाद करने का मौका मिल रहा है, इससे मुझे बहुत खुशी मिली है। उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने रेहणी-पटरी दुकानदारों की समस्याओं को समझते हुए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की शुरूआत कर उनके जीवन में बदलाव लाने का काम करते हुए तरक्की की राह दिखायी है। उन्होंने कहा कि सिर्फ आधार कार्ड से ही इस योजना के तहत बैंको से 10 हजार रू0 तक का ऋण मिल रहा है, इससे आप लोगो को अपना स्वरोजगार स्थापित करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि योजना के अन्तर्गत आप लोगो के द्वारा जैसे ही ऋण की प्रथम किश्त जमा कर दी जायेगी, तो आप ऋण की अगली किश्त बैंको से प्राप्त कर अपने



कारोबार को बढ़ा सकते है। उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि अभी हाल में प्रधानमंत्री जी के द्वारा विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की गयी है। इसके अन्तर्गत गरीब कामगारों-मोची, नाई, मिस्त्री, खिलौने बनाने वाले, मछली का जाल बनाने वाले सहित कुल 18 तरह के काम करने वालो को इस योजना में शामिल किया गया है, जिनकों अपना काम शुरू करने के लिए प्रशिक्षित करने के साथ ही कम दर पर 1 लाख रू0 तक की ऋण की सुविधा प्रदान की जायेगी। उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि गरीबों को अब चिंता करने की जरूरत नहीं है, उनको आगे बढ़ाने व आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने की गारंटी प्रधानमंत्री जी ने ली है। उन्होंने कहा कि रेहणी-पटरी वाले प्रधानमंत्री जी के परिवार की तरह है। प्रधानमंत्री जी ने कोरोना जैसी महामारी के दौरान यह सुनिश्चित किया कि कोई भी गरीब परिवार भूखा न सोए, इसके लिए उन्होंने फ्री राशन उपलब्ध कराया। प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी ने हर गरीब को पक्का मकान, इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध करायी। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में जगह की कमी नहीं है। नगर निगम को ऐसे स्थानों को चिन्हित करने के लिए कहा है, जहां पर वेण्डिंग जोन बनाये जा सकते है। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार कराये जाने के लिए

**उपमुख्यमंत्री जी ने पीएम स्वनिधि योजना से लाभान्वित लोगो को प्रदान किए डेमो चेक**

**प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार कराकर पात्रों को योजना से लाभान्वित कराये जाने के दिए निर्देश**

कहा है, जिससे कि ज्यादा से ज्यादा लोग योजना से लाभान्वित हो सके। उपमुख्यमंत्री जी ने सभी से स्वच्छता के अपील करते हुए कहा कि सुंदरता स्वच्छता से होती है, इसमें आप रेहणी-पटरी वाले आगे बढ़कर सहयोग करें और अपने जनपद को स्वच्छ बनाये। उपमुख्यमंत्री जी ने रेहणी-पटरी वाले दुकानदारों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। लाभान्वित दुकानदारों के द्वारा बताया गया कि दुकान लगाने में कोई परेशानी नहीं हो रही है। इस योजना से हमें आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। उपमुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर पीएम स्वनिधि योजना से लाभान्वित लोगो को डेमो चेक भी प्रदान किया।महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश ने तरक्की की राह पकड़ी है। अब गरीब आर्थिक रूप से मजबूत बन रहे है। प्रधानमंत्री जी ने गरीबों के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलायी है, इसके लिए मैं प्रधानमंत्री जी का बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा कि पहले रेहड़ी-पटरी के दुकानदार, नगर निगम को देखकर भाग जाया करते थे, लेकिन अब प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में रेहड़ी-पटरी वालों को वेण्डिंग जोन बनाकर उन्हें पक्का स्थान दिया जा रहा है, जिससे उन्हें कोई परेशानी न हो। प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में समाज के अतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत रूप से पहुंच रहा है, जिससे उन सभी लाभार्थियों का जीवन स्तर ऊपर उठ रहा है।इस अवसर पर विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कोचिंग जा रही छात्रा का अपहरण आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** कोचिंग जा रही छात्रा को रास्ते में पकड कर अपहरण कर लिया गया। छात्रा की माता ने आधा दर्जन के खिलाफ अपहरण तथा जान से मारने की धमकी, षडयंत्र आदि का मुकदमा दर्ज करा दी।पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक महिला का कहना है कि उसकी 16 वर्षिय बेटी अपने ननिहाल रमना मानी में रहकर कोचिंग सेंटर आदि जाती है। छात्रा की माता का आरोप है कि उसकी पुत्री सुबह कोचिंग जा रही थी । तभी सरपताही नहर के निकट हाईवे पर आधा दर्जन युवकों ने अपहरण कर उठा ले गए। छात्रा की माता ने यह भी आरोप लगाया कि इसके पूर्व भी उसकी पुत्री का अपहरण कर एक कमरे में बंद रखा गया था। पुलिस के सहयोग से बरामद हुई थी। छात्रा की माता ने मऊआइमा थाने में देर रात मरखामऊ निवासी राम अवध उर्फ निरहू ,अनिल कुमार पटेल, विजय कुमार उर्फ सोनू, तथा सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम सधनगंज लोकई का पूरा निवासी कृष्ण कुमार, गोविंद कुमार और प्रतापगढ़ के देल्हूपुर के जल्लूपुर निवासी राकेश कुमार पटेल के खिलाफ अपहरण, जान से मारने की धमकी, षडयंत्र आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

# बेहद रोमांचकारी होगा एयर शो, मिग-21 आखिरी बार शो में लेगा हिस्सा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** आठ अक्तूबर वायु सेना दिवस प्रयागराज वासियों के लिए यादगार होने जा रहा है। इस दिन वायु सेना द्वारा अपने शौर्य का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा। एशिया का सबसे बड़ा एयर शो प्रयागराज में होगा। जिसमें सेना के कई विमान अपना करतब दिखएगें। संगम क्षेत्र में वायुसेना दिवस पर होने वाले एशिया के सबसे बड़े एयर शो के लिए आपात स्थितियों से निपटने के लिए इंतजामों को परखा गया। शो के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टि से सेना की ओर से तीन से आठ अक्तूबर तक संगम नोज और आसपास के इलाके में किसी तरह की गतिविधि पर रोक लगा दी गई है। इस क्षेत्र को पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाएगा। तीर्थ पुरोहितों की भी आवाजाही पर रोक रहेगी। इसी के साथ संगम के आसमान पर वायुसेना के लड़ाकू विमान उड़ान भरने लगे हैं।वायुसेना दिवस पर परेड के साथ हवाई शौर्य प्रदर्शन छह अक्तूबर से आरंभ होगा। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने



कहा कि हमारे क्षेत्र में अस्थिर और अनिश्चित भू-राजनीतिक परिदृश्य के कारण, एक मजबूत और विश्वसनीय सेना की आवश्यकता अनिवार्य हो गई है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र नया आर्थिक और दुनिया के गुरुत्वाकर्षण का रणनीतिक केंद्र और हमें चुनौतियां और अवसर दोनों प्रदान करता है। भारतीय वायु सेना, सबसे दूर तक देखने, सबसे तेज पहुंचने और सबसे कठिन हिट करने की अपनी अंतर्निहित क्षमता के साथ इन चुनौतियों को कम करने में महत्वपूर्ण होगी और भारत के प्रक्षेपण में एक आधार बनी रहेगी । भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा कि हमने 83 एलसीए मार्क एक ए के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। हम इनमें से 97 और विमान चाहते हैं और हमारे पास इनमें से 180 विमान होंगे। उन्होंने आगे कहा कि हम खुफिया जानकारी, निगरानी और टोही के माध्यम से सीमा पार स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। हमारी परिचालन योजनाएं गतिशील हैं और विकासशील स्थितियों के अनुसार बदलती रहती हैं।

उन जगहों पर जहां संख्या के आधार पर विरोधियों का मुकाबला नहीं किया जा सकता, हम बेहतर रणनीति के जरिए इसका मुकाबला करेंगे। हम संख्याओं के माध्यम से इनपुट के अनुसार अपनी आईएसआर योजनाओं को संशोधित करते हैं। ग्रुप कैप्टन प्रज्योत ने जानकारी देते हुए बताया कि आठ अक्टूबर को प्रयागराज के संगम क्षेत्र में हवाई प्रदर्शन सहित 10 एयरबेस से 120 लड़ाकू, परिवहन और हेलीकॉप्टर संचालित होंगे। वहीं मिग-21 आखिरी बार शो में हिस्सा लेगा और सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट जैसे नए विमान भी देखने को मिलेंगे।

# मांडा में आमने-सामने भिड़ी दो बाइकें, गार्ड की मौत साथी नाजुक

**प्रयागराज।** मांडा थाना क्षेत्र के कुखुड़ी गांव के समीप प्रयागराज वाया मिजार्पुर राजमार्ग पर दो बाइको की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। इसमें दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुची पुलिस ने दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल उपचार के लिए दाखिल कराया। जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस की सूचना पर रोते बिलखते परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया है ।मिली जानकारी के मुताबिक मिजार्पुर जिले के जिगना थाना अंतर्गत पाली गांव निवासी दिनेश बिंद (42) पुत्र मोहन लाल आने पड़ोसी सूरज कुमार को लेकर आज दोपहर बाइक से अपने रिश्तेदारी मेजा के एक गांव जा रहे थे। अभी वह मांडा थाना क्षेत्र के कुखुड़ी गांव स्थित प्रयागराज मिजार्पुर राजमार्ग पर पहुचें थे कि विपरीत दिशा से आ रहे दूसरे बाइक सवार से आमने जोरदार टक्कर हो गई। इससे दिनेश व उनके साथ रह पड़ोसी गम्भीर रूप से घायल हो गया ।जबकि दूसरा बाइक सवार सुनसान इलाके का फायदा उठाकर भाग निकला। वहीं राहगीरों ने इसकी सूचना तत्काल स्थानीय मांडा पुलिस को दिया ।सुकमा पर भारतगंज चौकी प्रभारी दुर्गेश सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुचें। दोनों घायलों को लेकर पुलिस इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुची। जहां दिनेश को डॉक्टरों ने तत्काल मृत घोषित कर दिया। जबकि सूरज का इलाज चल



रहा है। डॉक्टरों ने सूरज की हालत गम्भीर बताई है। उधर पुलिस की सूचना पर रोते बिलखते मृतक के परिजन अस्पताल पहुचें ।बताया जाता है कि मृतक दिनेश मिजार्पुर स्थित जेएमआर कम्पनी में बतौर गार्ड पद पर कार्यरत थे। घटना को लेकर मृतक की पत्नी जयराजी, बेटा सतीष व आशीष सहित परिवारीजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है ।उक्त मामले में चौकी प्रभारी दुर्गेश सिंह ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर पर जांच की जा रही है। जल्द ही अभियोग दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# अनियंत्रित होकर खाई में गिरी बस, ड्राइवर की हालत गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के बलीपुर नेशनल हाईवे की घटना है ।जहां हंडिया से प्रयागराज की ओर जा रही एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर हाईवे के किनारे खाई में जा गिरी और पेड़ से टकराने के कारण बस पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई और ड्राइवर घायल हो गया सूचना पर मौके पर पहुंची उतरांव पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल चालक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार हंडिया कस्बा लाला बाजार निवासी बस चालक मोहम्मद मोनू पुत्र मोहम्मद नन्हे जो की खाली बस को लेकर प्रयागराज की ओर जा रहा था तभी जैसे ही वह बलीपुर बाजार के पास स्थित नवीन सब्जी मंडी के





पास पहुंचा था कि बारिश होने के कारण उसकी बस फिसल कर नेशनल हाईवे के किनारे खाई में जा घुसी और पेड़ से टकराने के कारण ड्राइवर बुरी तरीके से बस के अंदर फस गया घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची उतरांव पुलिस ने घायल बस चालक को जेसीबी की मदद से बाहर निकाल कर डायल 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेज दिया है और बस चालक के परिजनों को सूचना दे दिया गया है वहीं घटना के बाद मौके पर स्थानी लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई गनीमत यह रही की बस सवारीयो से भरी नहीं थी नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# नैनी केंद्रीय कारागार जेल में पहुंचे यूपी डीजी जेल एसएन साबत जेल में किए निरक्षण

**नैनी जेल पहुंचने से पहले ही पूरी तैयारी हो गई थी। जेल गेट पर ही उन्होंने सलामी ली**

**15 अक्तूबर तक जिला कारागार का काम पूरा करने का निर्देश दिया है**

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी केंद्रीय कारागार जेल में पहुंचे यूपी डीजी जेल एसएन साबत जेल में बन रहा जिला कारागार अभी तक पूरा नहीं हो सका है। निर्माण कार्य पूरा करने का समय बीत चुका है। मंगलवार को डीजी जेल एसएन साबत नैनी जेल में निरीक्षण करने पहुंचे। वहां से जिला कारागार गए और कार्यदायी संस्था से मिले। उन्होंने 15 अक्तूबर तक जिला कारागार का काम पूरा करने का निर्देश दिया है। इसके बाद जिला कारागार में बंदियों को शिफ्ट किया जाएगा। इस दौरान डीजी जेल ने नैनी जेल में रुद्राक्ष का पौधा लगाया कर





पर्यवरण के प्रति लोगों को जागरूक किया। डीजी जेल एसएन साबत के नैनी जेल पहुंचने से पहले ही पूरी तैयारी हो गई थी। जेल गेट पर ही उन्होंने सलामी ली। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा के साथ उन्होंने नैनी जेल का निरीक्षण किया। जेल के अंदर कैदियों के रहन सहन और खानपान का इंतजाम देखा। कौशल विकास का प्रशिक्षण ले रहे 50 कैदियों की जानकारी ली। जेल में महिला बैरक में जाकर महिला बंदियों से रूबरू हुए। उनकी पढ़ाई और खान पान के बारे में पूछा। इसके बाद जिला कारागार देखने पहुंचे। नैनी जेल परिसर में जिला कारागार लगभग बनकर तैयार हो चुका है। नए जेल में सुरक्षा इंतजाम का पुख्ता इंतजाम किया गया है। इस दौरान डीसीपी यमुनानगर अभिनव त्यागी, वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर पटेल, एसीपी नैनी समेत अन्य अफसर मौजूद रहें।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2024 में तीसरी बार बनेगी बीजेपी सरकार : डिप्टी सीएम

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र स्थित ऑडिटोरियम में मंगलवार को सूबे के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौ्य का बीजेपी के जमुनापार जिले के स्थानीय नेताओं व कार्यकताओं ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान जमुनापार के नवनियुक्त अध्यक्ष विनोद प्रजापति ने सभी अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन किया। भाजपा कार्यकताओं जनप्रतिनिधियों के संवाद एवं स्वागत अभिनन्दन समारोह को सम्बोधित करते हुए कही उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा मै पहले कार्यकर्ता हूं फिर उपमुख्यमंत्री हूं। यमुनापार का हर एक कार्यकतर्ता अपने को उपमुख्यमंत्री से कम ना समझे। डॉ.मुरली मनोहर जोशी यहां से सांसद नही बनते तो यह यमुना का पुल नहीं बनता। भाजपा की पूर्व सरकारों में इलाहाबाद जिला जैसे आईसीयू में पडा हो इसे आक्सीजन देने का कार्य भारतीय जनता पार्टी के कमल के फूल की देन है। आज चारों तरफ विकास ही विकास दिखाई देता है। विकास की गंगा वह रही है। अब खनन और शराब माफियाओं की जगह जेल है। भाजपा सरकार में प्रतिभाशाली युवा को कोई नौकरी से से रोक नही सकता। डिप्टी सीएम ने बताया 500 वर्षों बाद आज रामलला का मंदिर बन रहा है। जल्द विराजमान भी होंगे वह आप सबके कमल खिलाने से संभव हुआ। 2024 में तीसरी बार मोदी सरकार बनने की आहट से विपक्ष में खलबली मची है। तरह की गठबंधन और षड़यंत्र रच रहे हैं। लेकिन देश की जनता फिर से मोदी सरकार बनाकर विपक्षियों के मंसूबो पर पानी फेरेंगी। इससे पहले जिलाध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति और विधायक पियूष रंजन निषाद ने बुके और अंगवस्त्रम् देकर उपमुख्यमंत्री एवं मंचस्थ जनप्रतिनिधियों पदाधिकारियों का स्वागत अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.वीके सिंह,मेयर गणेश केसरवानी, ज़िलाध्यक्ष महानगर राजेन्द्र मिश्र, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चन्द्र गुप्ता, कमलेश कुमार, विधायक हर्ष वर्धन वाजपेई,एमएलसी सुरेन्र चौधरी, पूर्व विधायक नीलम करवरिया, पूर्व विधायक दीपक पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभाशंकर पांडेय, शिवदत्त पटेल, विभूति नारायण सिंह, अशोक सिंह, प्रबंधक युनाईटेड ग्रुप जगदीश गुलाटी,डॉ. भगवत पांडेय, संचालन जिला महामंत्री राजेश शुक्ला,विक्रमादित्य मौर्य,जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी, महानगर मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी,राज कुमार मिश्र जय सिंह पटेल, सुरेश शुक्ला,प्रकाश शुक्ला प्रचंड,वृजेश पांडेय आदि के साथ भारी संख्या में यमुनापार पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सोरांव पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना से मात्र दो घंटे में दर्ज किया मुकदमा

**सोरांव।** इलाके के कृष्णापुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मंगलवार दोपहर घर में घुसकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें पीड़ित पक्ष ने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों पर संगीत धारा में मुकदमा दर्ज करवा दिया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है ।दरअसल पीड़िता उषा देवी पत्नी शंभू नाथ निवासिनी कृष्णापुर का आरोप है कि मैं अपने घर पर बैठी थी। तभी पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही देवराज, अमित, सनी,कंचन, अर्चना, नीलू तथा शीलू आदि लोगों ने एक राय होकर लाठी डंडे लेकर मेरे घर पर दोपहर लगभग 12 बजे आ गए। मुझे गंदी-गंदी गालियां देते हुए मेरे साथ मारपीट करने लगे। जिससे मेरे सिर और पेट में गंभीर चोटे आई हैं। पीड़िता ने दोपहर दो बजे सोरांव थाने पर आकर महिला मुंशी रचना कैथल को शिकायती पत्र दिया । मामले को लेकर महिला मुंशी ने तत्काल प्रभाव से थाना प्रभारी अशोक कुमार को अवगत करवाकर पीड़िता का डाक्टरी मुआइना करवाई। मात्र दो घंटे में मुकदमा लिखकर अभियोग पंजीकृत की कॉपी पीड़िता को उपलब्ध करवा दिया। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

# पुरानी पेंशन बहाली भारत यात्रा आंदोलन का किया गया जोरदार स्वागत

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य चार सूत्री मांगों को लेकर दिनांक 5 सितंबर 2023 से देश के चारों दिशाओं से संचालित यात्रा आज दिनांक 3 अक्टूबर 2023 को मध्य प्रदेश रीवा से चलकर उत्तर प्रदेश की सीमा जनपद प्रयागराज पहुंची जनपद की सीमा चाकघाट पर प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा रथ यात्रा का शानदार स्वागत किया गया। इस रथ यात्रा में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से पी हरि गोविंद जी कोषाध्यक्ष (केरल), बसवराज कार्यकारी अध्यक्ष कर्नाटक शाखा, नागराज पुजारी सचिव (कर्नाटक), श्रीमती रामादेवी उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ (तमिलनाडु),श्रीमती सीमा माथुर सचिव महिला प्रकोष्ठ अखिल( नई दिल्ली ), संजय मिश्रा राष्ट्रीय सचिव तथा अर्जुन सिंह काउंसलर शामिल रहे। बैठक का स्वागत करते हुए जिला मंत्री प्रशांत कुमार ओझा ने इस रथ यात्रा की चार सूत्री मांगों को स्पष्ट किया जिसमें पुरानी पेंशन को बहाली, शिक्षामित्र/ अनुदेशक/ पैराटीचर का नियमितीकरण , राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के शिक्षक विरोधी प्रावधानों को हटाया जाना, छठवें एवं सातवें वेतनमान को समस्त राज्यो में लागू किया जाना शामिल है ।समस्त पदाधिकारीयों ने भारत सरकार से अपील की कि यदि शिक्षक संतुष्ट नहीं रहेगा तो कभी भी शिक्षक के उत्तम परिणाम नहीं मिलेंगे। अतः आवश्यक है कि शिक्षकों की लंबित मांगों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। रथ यात्रा के नेतृत्वकताओं द्वारा प्रेस



कॉन्फ्रेंस कर अपनी मांगों को मीडिया के माध्यम से सरकार को सम्बोधित किया गया। स्वागत में उपस्थित पदाधिकारियों में विकासखंड जसरा से उपेंद्र द्विवेदी ,देवव्रत द्विवेदी ,शंकर चांद द्विवेदी,शिव भूषण सिंह, प्रमोद मिश्रा,मोहम्मद कुद्दूस आदि , कौंधियारा से मांडलिक मंत्री अरविंद मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज त्रिपाठी, शत्रुघ्न शुक्ल, प्रतापपुर से सत्येंद्र द्विवेदी, राजेश मिश्रा ,मऊआइमा से शरद मिश्रा,सैदाबाद से अलका सेठ, श्रद्धा श्रीवास्तव , शशिकांत पाण्डेय, इंद्रेश तिवारी, रवि द्विवेदी आदि, मेजा से नीरज श्रीवास्तव,यामवंत चौधरी,छविनाथ आदि शंकरगढ़ से कल्याण चंद्र द्विवेदी,विजय धर द्विवेदी आदि बहादुर पुर से अजय सिंह कोषाध्यक्ष, विभूति दूबे, वंदना, हंडिया से संतोष तिवारी, अरविंद आदि सदस्य शामिल रहे।आए हुए सभी नेतृत्वकताओं, पदाधिकारियों मीडिया कर्मियो एवं शिक्षक साथियों का धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी ने किया।

## न्यूज झरोखा

### उपमुख्यमंत्री के आगमन पर नैनी में एसपीओ प्रभारी ने किया स्वागत

**नैनी।** नैनी में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री माननीय केशव प्रसाद मौर्य के आगमन पर जगह जगह उनका भव्य स्वागत किया गया। डिप्टी सीएम का काफिला नैनी क्षेत्र में पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा उनका माल्यार्पण कर



स्वागत किया गया। वहीं पुलिस प्रशासन के दिशा निर्देश पर नैनी में विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र के प्रभारी उप मुख्यमंत्री के आगमन में अपनी पूरी टीम के साथ प्रशानिक सेवा में लगे रहे। उपमुख्यमंत्री माननीय केशव प्रसाद मौर्य का काफिला नैनी के आईटीआई कॉलेज के समीप पहुंचते ही एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। इस दौरान स्वागतम स्थल पर पार्षद दिलीप जायसवाल के अगुवाई में एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष व पार्षद राकेश जयसवाल, घनश्याम जायसवाल, एसपीओ उप प्रभारी परवेज अहमद,जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली,संगठन सचिव रविंद्र सिंह, थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल, समीर खान, प्रदीप कुमार, सुशील शर्मा, उपेंद्र सिंह, रामजी जायसवाल, धर्मराज पटेल,रमेश चंद केसरवानी, दीपक केसरवानी आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

### डांडी में स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन हुआ

**नैनी।** नैनी के डांडी में स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के उपलक्ष में लायंस क्लब प्रयागराज रॉयल द्वारा एक जागरूकता अभियान डांडी के तिगनौता ग्राम में





आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित की गई जिसमें आंगनबाड़ी के 3 से 6 वर्ष के बच्चे और उनके अभिभावक और गांव की आशाएं एवं चाका ब्लाक की एनम वर्षा मिश्रा के साथ चाका की सी एच ओ पूनम भी मौजूद थी। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष डॉ रमेश चंद्रा ने महात्मा गांधी के विचारों से अवगत कराते हुए उन्होंने घर की साफ-सफाई और अपने अगल बगल की साफ सफाई के साथ अपने शरीर की भी नियमित सफाई करने का संदेश दिया। खाने में उन्होंने कच्चा सलाद और फल खाने को प्राथमिकता दी। और बच्चों को बाहर के जंक फूड से बचने के लिए उनकी माताओं से अनुरोध किया। चाका ब्लाक की सी एच ओ पूनम ने सभी से आयुष्मान भारत का स्वास्थ्य कार्ड बनवाने का अनुरोध किया कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को मिठाई, फल, टॉफियां, और एक कॉपी, पेंसिल और रबड़ उपलब्ध कराया गया। अभिभावकों को भी मिष्ठान आदि वितरित किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ती सरिता पटेल, सचिव संत कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष सूर्यनाथ प्रजापति, डॉ संतोष कुमार डॉ,रवि भूषण गुप्ता, सुधा गुप्ता अल्पना वर्मा, सुचित्रा मिश्रा, रवि मिश्रा, राजेश सुमन के साथ गांव के पूर्व प्रधान बसंत लाल पटेल, के साथ गांव की आशाओं में आरती, गुंजा, कामनी और अंजू के साथ अन्य महिलाएं भी उपस्थित थी, कार्यक्रम बहुत ही रोचक रहा और बच्चे बहुत उत्साहित थे। बच्चों की मुस्कुराहट देखकर मन प्रफुल्लित हो गया।

### वन जीव संरक्षण हेतु बच्चों को किया गया जागरूक

**फूलपुर।** वन जीव भी हमारे लिए उतने ही आवश्यक होते है जितना की पशु पक्षी। इसलिए वन जीवों का संरक्षण करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। यह बातें बाते मंगलवार को फूलपुर क्षेत्र के कोड़ापुर गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में





वन जीव संरक्षण सप्ताह दिवस के अवसर पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए फूलपुर वन रेंज अधिकारी अशोक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि कही। वन जीव सुरक्षा सप्ताह पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा की सरकार ने वन जीव सुरक्षा सप्ताह 1 अक्तूबर से 7 अक्तूबर तक मनाने का निर्णय लिया है। जिसका उद्देश्य वन जीवों को संरक्षित करने के प्रति ग्रामीणों के साथ ही आमजन को जागरूक करना है। प्रधानपति मौजीलाल रावत ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर वन रेंजर सतेन्द्र कुमार चौधरी, दरोगा रामचंद्र,राजेश कुमार ,प्रधानाध्यपक विक्रम बिरंची, निरंजन लाल,दिनेश कुमार,अवधेश कुमार पटेल सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं - कालिका तिवारी

**कोरांव।** पत्रकारों की समस्याओं को लेकर मीडिया कार्यालय कोरांव पर वरिष्ठ पत्रकार भगवान प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। बैठक में पत्रकार उत्पीड़न एवं उनकी विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर चर्चा



परिचर्चा और आपसी विचार विमर्श किया गया। बैठक में ग्राम प्रधान अल्हवा वरिष्ठ पत्रकार अहद अहमद सिद्दीकी पर किए गए प्राण घातक हमले की निंदा की गई और पुलिस द्वारा बरती जा रही लापरवाही को लेकर भी पत्रकारों ने निंदा की। पत्रकारों ने पुलिस प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है कि अगर प्रधान व वरिष्ठ पत्रकार के ऊपर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर शीघ्र गिरफ्तारी नहीं की गई तो पत्रकार प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार भगवान प्रसाद तिवारी पूर्व कालिका तिवारी ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों को भी सुझाव देते हुए कहा कि सभी पत्रकार साथी निष्पक्षता पूर्वक समाचारों का प्रकाशन करें किसी भी द्वेष भावना से पीड़ित होकर किसी भी समाचार का प्रकाशन ना करें जिससे विवाद की स्थितियां उत्पन्न हो। इसी प्रकार पत्रकारॉ ने कहा कि कोराव पुलिस निरंकुश हो गई है। किसी भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जिन मामलों में मुकदमे लिखने चाहिए उन मामलों में टाल मटोल करती है। जिन मामलों में पैसा मिलता है उन मामलों में तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर लिया जाता है। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे, सिमलेस पांडेय शारदा प्रताप सिंह, मनीष वर्मा, मोहम्मद गौस, अजय प्रताप सिंह, राजेश सिंह समेत कई अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

### गोष्ठी में सरकार द्वारा किए गये वादे पूरा न करने पर किया विरोध

**जसरा।** संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने सोमवार को नवीन मंडी स्थल जसरा में गोष्ठी आयोजित कर सरकार द्वारा किए वादे पूरा न करने पर विरोध जताया। मांग किया कि किसानों की पूर्ण कर्जमाफी, फसल की एमएसपी की कानूनी गारंटी पूरा करो। गोष्ठी के प्रारंभ में किसान सभा के दो दिवंगत साथी का० शंकर सिंह, का० कल्लनशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। बाद में वक्ताओं ने कहा कि सरकार की एक जिला एक फसल की नीति कंपनी कारपोरेट पक्षधर है जो किसान विरोधी है। पी एम प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की लाभार्थियों की जांच कराई जा रही है। जबकि पूर्व में यह सम्मान निधि अधिकारियों ने डकार लिया। सभा में महंगी खाद बीज कीटनाशक एवं बिजली के प्रीपेड मीटर का विरोध किया। खेती आवास के पेट की मांग की मांग किया,गांव समाज की जमीनों तथा सरकारी योजनाओं में दबंगों का दखल समाप्त करो। शिक्षा को महंगी कर गरीबों के लिए शिक्षा का दरवाजा बंद कर दिया। गोष्ठी के दौरान नारे लगाए किसानों का हत्यारा आशीष मिश्रा टेनी को गिरफ्तार करो, किसानों से किए वादे पूरा करो, एमएससी की कानूनी गारंटी दो,किसानों के सभी कर्ज माफ करो भूमिहीनों को खेती आवास के पट्टे दो, कनेक्शन काटना बंद करो - 300 यूनिट बिजली फ्री करो, खेती - आवास के पट्टे दो आदि। गोष्ठी को डा० आशीष मित्तल, भीमलाल,सुरेश, एआईकेएमएस जिलाध्यक्ष का० रामकैलाश ,हीरालाल,फूलचंद निषाद,इतियोग बौद्ध,प्रदीप आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर लालाराम कुशवाहा,राजेश,मंजू देवी,निर्मला देवी,छोटेलाल,सुरेंद्र पटेल आदि उपस्थित रहे। परिवर्तन संस्कृति मंच के मुन्ना राही,गंगादीन, आरके आदि ने क्रांतिकारी गीत प्रस्तुत किए।

## रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंम्बर 1 पर लोको पायलट लावी में लगी आग, बड़ा हादसा होने से बचा

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 1 पर लोको पायलट लावी में मंगलवार के अपरान्ह आग लग गई जिससे फाग सिग्नल डिवाइस में धमाका हुआ। गनीमत थी कि उस समय कोई भी कर्मचारी उस कक्ष में नहीं था। इससे जानमाल की क्षति नहीं हुई लेकिन आग लगने से पूरे रेल महकमे में हड़कम्प मच गया। बता दे कि प्लेट फार्म नम्बर 1 पर लोको पायलट लावी में 3 कक्ष है जिसमे सबसे किनारे के कक्ष में आग लगी थी। अन्य दो कमरो में कर्मचारी बैठे थे। इससे बड़ा हादसा होने से बच गया। आग शार्ट सर्किट से लगी या फाग सिग्नल डिवाइस अपने आप ब्लास्ट यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा। आग से मशीने बूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# गाजे बाजे के साथ शहर में निकली संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली

## विधायक ने दिखायी हरी झण्डी, अधिकारियो ने उड़ाये गुब्बारे

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रैली शहर में गाजे बाजे के साथ राजकीय इण्टर कालेज परिसर से शहर में निकाली गई। रैली को सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले अधिकारियो ने हवा में गुब्बारे उड़ाकर इस कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि 03 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक शासन के निर्देश पर संचारी रोग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने कहा कि सरकार लोगो को स्वस्थ रखने के लिए संचारी रोगो पर नियंत्रण के लिए उपाय किये है। इसमें सभी का सहयोग जरूरी है। विधायक राजेन्द्र मौर्य राजकीय इंटर कालेज से लेकर प्रताप बहादुर अस्पताल तक रैली के साथ पैदल चले। इस संचारी रोग अभियान रैली में नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल थे। रैली में नगर पालिका अपनी फागिंग मशीन एण्टी लार्वा व टायलेट साफ करने की मशीन साथ लेकर चल रहे थे। यह रैली राजकीय इंटर कालेज से निकलकर गाजी चैराहा भंगवा चुंगी होते हुए पूरे शहर में घूमी। रैली में मुख्य चिकित्साधिकारी जीएम शुक्ला, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी भूपेन्द्र सिंह, नगर पालिका के खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संतोष सिंह, डब्लूएचओ की चिकित्सक डा. सुखमिता व राजकीय इंटर कालेज व अबुल कलाम के छात्र शामिल थे।


राजकीय इंटर कालेज में गुब्बारा उड़ाकर रैली का शुभारंभ करते अधिकारी

# समाज कल्याण अधिकारी व उपनिदेशक नारायणपुर पहुंचे, शुरू की जांच

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय नारायणपुर के छात्रो के सोमवार की रात हंगामे के बाद आज मंगलवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार व समाज कल्याण विभाग के डिप्टी डायरेक्टर सुधीर कुमार गुप्ता नारायणपुर स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय पहुंचे और वहां के छात्रो को घटिया खाना व दवा न देने के आरोपो की जांच की। बता दे कि राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय नारायणपुर के छात्रो ने सोमवार की रात जमकर हंगामा किया था।

तब एसडीएम व पुलिस ने पहुंच कर रात मे तो मामला शांत करा दिया था लेकिन मंगलवार को समाज कल्याण विभाग के डिप्टी डायरेक्टर सुधीर कुमार गुप्ता व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार आश्रम पद्धति विद्यालय पहुंचे और आरोप लगाने वाले छात्रो के बयान के बाद पूरी व्यवस्था की गहन जांच किया। ऐसा लगता है कि इस मामले को अधिकारियो ने गंभीरता से लिया है। छानबीन के बाद कार्यवाही भी हो सकती है।

## मुंशीगंज के संजय गाँधी अस्पताल को जनहित में शीघ्र चालू कराने के लिए प्रमोद ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

### राज्य सभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद ने कहा अस्पताल बंद होने से परेशान हैं क्षेत्र की जनता

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने अमेठी के मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल को जनहित में अविलम्ब चालू कराए जाने को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। उन्होने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि अमेठी के संजय गांधी अस्पताल में उन्नतिशील एवं आधुनिक उपकरणों द्वारा अनुभवी एवं कुशल चिकित्सकों की निगरानी में जन सामान्य को चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने मुख्यमंत्री से कहा है कि उनके गृह जनपद प्रतापगढ़ के साथ सुल्तानपुर एवं रायबरेली सहित पूर्वांचल के तमाम जिलों के मरीजों के उपचार के लिए यह चिकित्सा संस्थान अपना विशेष महत्व रखता है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान

## बुजुर्गों की सेवा का दिया गया संदेश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उ0 प्र0 के तत्वाधान में महान समाजसेविका केवला देवी की स्मृति में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महानुभाव, महिला, पुरुषों को सम्मान पत्र व अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। यह सम्मान महान समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य व विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने किया। सम्मानित होने वाले उत्कृष्ट लोगों में राम जी, कौशल कुमार, कृष्ण कुमार, अनीता देवी, ज्ञानमती, संत कुमार, चंद्रगुप्त, सुभाष, महेश, कंचन, रीता, सुधा, रामसुख, वासुदेव, शिवकुमार, जगदीश, केदारनाथ, निर्मला, कलावती, दशरथ, रामसुख, रामसेवक, सुमित्रा, लाल बहादुर प्रमुख रहे।

अध्यक्षता करने वाले पूर्व बाल न्यायाधीश व साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य ने कहा कि महान कार्य करने वालों को जीवन में सम्मान और मरने पर अमरत्व मिलता है। मुख्य अतिथि के रूप में एलायंस क्लब के निदेशक रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा ही धर्म है उनके चरणों में स्वर्ग है। एलआईसी के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने कहा कि दुनिया में वीरों की ही पूजा होती है। समारोह में राकेश बहादुर सिंह, श्रीनाथ मौर्य, अमरनाथ गुप्ता, राधेश्याम दीवाना, कमला देवी, रवि सरोज आदि उपस्थित रहे।


बुजुगो को सम्मानपत्र वितरण करते अतिथिगण।

## अपर उपजिलाधिकारी (द्वितीय) भरत राम को उपजिलाधिकारी कुण्डा के पद पर तैनात किया गया

**प्रतापगढ़।** जनपद की तहसील कुण्डा में तैनात उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार प्रसाद का स्थानान्तरण अन्यत्र जनपद होने एवं तत्क्रम में जनपद से अवमुक्त किये जाने के कारण उपजिलाधिकारी कुण्डा का पद रिक्त हो गया है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने जनहित एवं कार्यहित में दण्ड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा-20(04) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये जनपद में तैनात अपर उपजिलाधिकारी (द्वितीय) भरत राम को उपजिलाधिकारी/उप जिला मजिस्टेज्ट कुण्डा के पद पर तैनात किया है।

# लखनऊ में धरना प्रदर्शन की प्राथमिक शिक्षको ने बनाई रणनीति

## पुरानी पेंशन सहित अन्य मांगो पर शिक्षको ने की चर्चा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर दिनांक 9 अक्टूबर 2023 को धरना प्रदर्शन के परिप्रेक्ष्य में जनपद प्रतापगढ़ प्राथमिक शिक्षक संघ की तैयारी बैठक आज दिनांक 3 अक्टूबर 2023 को संघ कार्यालय राजा दिनेश सिंह सभागार में संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल ने किया। जिसमें सभी विकास खंडोके अध्यक्ष मंत्री व कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे इस अवसर पर मांडलिक मंत्री अनिल पांडे व प्राथमिक शिक्षक संघ प्रतापगढ़ के जिला मंत्री विनय सिंह उपस्थित रहे। तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल ने कहा कि दिनांक 9 अक्टूबर 2023 को सभी विकासखंडों से भारी संख्या में धरने को सफल बनाने के लिए शिक्षक लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। सभी विकासखंड के अध्यक्ष को पर्याप्त मात्रा में पोस्टर भी दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री विनय सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली सहित 21 सूत्री मागो को लेकर 9 अक्टूबर को लखनऊ में धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसमें प्रतापगढ़ की सर्वाधिक भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। यह भी कहा कि सभी अध्यक्ष मंत्री अपने-अपने विकासखंड में शिक्षकों से संपर्क कर धरना में चलने की मजबूत रणनीति बनाकर तैयारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर राजेश पांडे सत्य प्रकाश पांडे प्रभाकर सिंह मानवेंद्र द्विवेदी सुशील पंकज तिवारी संतोष कुमार धर्मेंद्र रामानंद अरुण पति पन्नालाल यादव मनोज पांडे बृजेश सिंह राकेश सिंह निर्भय सिंह अजीत कुमार विजय कुमार मिश्रा बलराम पाठक मोहम्मद इकबाल कमलेश कुमार सुधीर बालेंद्र शुक्ला राघवेंद्र प्रभाकर नाथ मनोज कुमार एवं समस्त विकास खंडोके कोषाध्यक्ष आदि।


प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक करते शिक्षक।

# जन्तु विज्ञान विभाग में शुरू किया गया राष्ट्रीय वन्य जीव सप्ताह

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एम० डी० पी० जी० कालेज मे आज राष्ट्रीय वन्य जीव सप्ताह का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर उमा रानी अग्रवाल कालेज इलाहाबाद विश्वविद्यालय से उपस्थित रहीं। प्रो उमा अग्रवाल ने छात्रो को संबोधित करते हुए बताया कि वन्य जीवों का संरक्षण कैसे करें, जीवो के संरक्षण को कैसे बढ़ावा दें, लोगो में उनके प्रति कैसे जागरूकता पैदा करेंद्ध।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर मनोज मिश्रा ने की जिन्होंने जैवविविधता के बारे मे बताया और कहा की वन हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका रखते हैं, जन्म से लेकर मृत्यु तक वन की भूमिका रहती हैं।

कार्यक्रम में प्रोफेसर अरुण कुमार श्रीवास्तव डीन फैकल्टी ऑफ साइंस प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया, प्रोफेसर अरविंद कुमार मिश्रा वनस्पति विज्ञान विभाग, प्रोफेसर किरन मिश्रा वनस्पति विज्ञान विभाग , प्रोफेसर राधाकृष्ण दूबे चीफ प्रॉक्टर एवं भूगोल विभागाध्यक्ष, प्रो गीता शुक्ला, बीएड विभाग, डा अरुण कुमार मिश्रा, डा शैलेश पांडेय, डा संजय कुमार दुबे, डा मुक्ता वर्मा उपस्थित रहे। डॉ अमिता मिश्रा विभागाध्यक्ष प्राणी विज्ञान विभाग ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ अभिषेक सिंह ने किया जिन्होंने बताया कि इस सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय में वन्य जीव सप्ताह के उपलक्ष्य में पास्टर और फोटोग्राफी की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न छात्र छात्राओं ने बढ चढकर भाग लिया।



राष्ट्रीय वन्य जीव सप्ताह की बैठक करते प्राचार्य।

## रंजिश के चलते दिव्यांग व उसकी पत्नी पर धारदार हथियार से हमला, महिला की हालत गंभीर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश के चलते महिला को धारदार हथियार से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। आरोपी ने पीड़िता से बदनीयती से छेडछाड करते हुए कपड़े फाड़ डाले। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जांच के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। घायल महिला को लहूलुहान हालत में ट्रामा सेण्टर में भर्ती करवाया गया है। लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला निवासी राजेश प्रसाद जायसवाल दिव्यांग है। पीडित का आरोप है कि मंगलवार को सुबह वह अपने घर के सामने मिटटी डाल रहा था। इस बीच विपक्षी प्रियांशू जायसवाल पुत्र कमलेश जायसवाल पहुंचा और गालीगलौज करते हुए पीटने लगा। बीचबचाव करने पहुंची पत्नी को जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी चला गया।

# डिग्री कालेज कालाकांकर मे गांधी जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित

## कालेज के सभी शिक्षको ने किया नमन

अखंड भारत संदेश

**परियावां प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज कालाकांकर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सोमवार को महाविद्यालय में राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी एवम पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव ने तिरंगा फहरा कर दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक शिवम रामकरन,प्रो सूर्यभान सिंह,डी सी आंनद, शिव भूषण गुप्ता, सत्यप्रकाश , अफसार अहमद आदि कर्मचारी गण उपस्थित रहे । संगोष्ठी में प्रो रामकरन एवं प्रो रेखा सिंह तथा रज्जाक बाबू ने अपने विचार व्यक्त किये जिसमे कालेज के सभी शिक्षक व छात्र छात्राएं मौजूद रहे छात्रों ने महापुरुषों की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।


गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण करते प्राचार्य।

# जॉइंट फोरम ऑफ बड़ौदा यूपी बैंक यूनियंस के आह्वान पर एक दिवसीय हड़ताल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जॉइंट फोरम ऑफ बड़ौदा यूपी बैंक यूनियंस के आह्वान पर बडौदा यूपी बैंक के सभी कर्मचारी और अधिकारी 268 शाखाओं के बंदीध्विलय के विरुद्ध, नई भर्ती एवं पदोन्नति ,दैनिक वेतनभोगी कार्मिकों एवं सफाईकर्मियों के नियमतीकरण एवं अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर रहते हुए शहर के मीरा भवन स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर धरना एवं प्रदर्शन किए । धरना में अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें कार्मिकों का प्रबंधन के प्रति आक्रोश देखने को मिला । जॉइंट फोरम के सदस्य बिट्टू कुमार ने धरना को संबोधित करते हुए कहा की ग्रामीण बैंकों में बहुतायत की संख्या में बैंक ऑफ बड़ौदा से स्केल 5 के नीचे के अधिकारी भेजे जा रहे हैं जो की भारत सरकार एवं नाबार्ड के दिशा निदेशों का उलंघन है। धरना में ज्वाइंट फोरम की ओर से शैलेंद्र सिंह ने बताया की बैंक प्रबंधन द्वारा एक निजी कंपनी बोस्टन कंसल्टेंसी ग्रुप के संस्तुति पर बैंक के 268 शाखाओं को बंद या विलय का निर्णय लिया गया है जिससे अप्रत्यक्ष रूप से बैंक ऑफ बड़ौदा को लाभ पहुंचाने की भयंकर साजिश है ।

धरना को संबोधित करते हुए संतोष मिश्रा ने बताया की बैंक में चतुर्थ वर्ग यानी संदेशवाहक के पद बहुत समय से रिक्त चल रहे हैं जिसके दैनिक वेतन भोगियों से कार्य कराया जा रहा है इस लिए रिक्त पदों पर जल्द नई भर्ती निकाल कर उनको भरना चाहिए और लंबे समय से कार्य कर रहे सफाई कर्मचारियों एवं दैनिक वेतनभोगियों को वरीयता दी जानी चाहिए। जॉइंट फोरम के धरने को संबोधित करते हुए सेवानिवृत संगठन की ओर से डीपी सिंह ने बताया की बड़ौदा यूपी बैंक में पिछले 3 सालों से भर्ती नही निकाली गई , एवं प्रति वर्ष हजारों को संख्या में कार्मिकों की सेवानिवृति के कारण कार्मिकों पर कार्य का बोझ बढ़ने से स्वाथ्य संबंधी समस्याएं से भी जूझना पड़ रहा है। धरना में एम के सिंह अखिलेश प्रताप सिंह, मोहित शुक्ला, आकाश श्रीवास्तव, वैभव त्रिपाठी,जितेंद्र कुमार, सोनी, रश्मि, विपी त्रिपाठी, एनबी सिंह,अशोक सिंह, संदीप तिवारी आदि मौजूद रहे।


हड़ताल कर प्रदर्शन करते बड़ौदा यूपी बैंक के कर्मचारी।

# मारपीट की घटना में सत्रह नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दस आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न तथा मारपीट व गालीगलौज एवं धमकी का केस दर्ज किया है। इस घटना में दूसरे पक्ष की ओर से भी सात नामजद तथा पांच अज्ञात के खिलाफ बलवा व घर में घुसकर मारपीट तथा तोडफोड समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

लालगंज कोतवाली के लाला हनुमान प्रसाद का पुरवा नरायनपुर निवासी रामसजीवन सरोज की पत्नी आशा देवी ने दी गई तहरीर में कहा है कि पन्द्रह सितंबर को सुबह साढ़े नौ बजे जमीनी विवाद को लेकर विपक्षियों ने हमला बोल दिया। विपक्षी गांव के पवई शर्मा के पुत्र राम बहादुर शर्मा, संतलाल के पुत्र मोहित, अशोक के पुत्र सनी, छेदीलाल के पुत्र संतोष, वासुदेव की पुत्री शोभावती तथा इनके परिवार की शीलू, उर्मिला, बबली, धर्मू, विद्या ने लाठी डंडे से लैस होकर दरवाजे पर गालीगलौज शुरू की। आरोपियों ने पीड़िता को जातिसूचक गाली देते हुए मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपियों ने जानलेवा धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी। कार्रवाई न होने पर सीओ से मिलकर आपबीती सुनायी। सीओ रामसूरत सोनकर के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी राम बहादुर समेत दस के खिलाफ सोमवार की रात केस दर्ज किया है। इधर दूसरे पक्ष के वासुदेव के पुत्र संतलाल सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह पन्द्रह सितंबर को अपना टिन शेड लगा रहा था। तभी विरोधी रामदुलारे के पुत्र रामसजीवन व विपिन, रामसजीवन की पुत्री शालू, हीरालाल के पुत्र अंकुश, दीपू की पत्नी रीता तथा दीपू व अरविन्द एवं पांच अज्ञात लोगों ने लाठी डंडे से लैस होकर हमला बोल दिया। आरोपियों ने घर में घुसकर भी मारपीट की। आरोप है कि विपक्षियों ने पीड़ित की बहन के गले का मंगलसूत्र व कंगन हडपते हुए उसके बदनीयती से कपड़े फाड़ दिये। शोर मचाने पर आरोपी गाली देते हुए घरेलू सामानों में तोडफोड करने लगे। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी रामसजीवन समेत नौ नामजद तथा पांच अज्ञात के खिलाफ सोमवार की रात घर में घुसकर मारपीट, बलवा, तोडफोड व छेडछाड समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षन अवन दीक्षित का कहना है कि दोनों पक्षों की तरफ से केस दर्ज किया गया है, जांच कर आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## दो पक्षों में लाठी डण्डे से सिर फुटौवल को लेकर नौ के खिलाफ क्रास केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रंजिशन मारपीट की घटना में दो पक्षों मे चले लाठी डंडे को लेकर आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने एक पक्ष की ओर से आधा दर्जन तथा दूसरे पक्ष की ओर से तीन आरोपियों के खिलाफ सोमवार की रात मुकदमा दर्ज किया है।

संग्रामगढ़ थाना के दुर्गा पाण्डेय का पुरवा महासिनपुर निवासी अलख नारायण तिवारी पुत्र रामसुंदर ने दी गई तहरीर में कहा है कि पहली अक्टूबर को शाम साढ़े चार बजे वह अपनी भाभी को छोडने बाइक से काशीपुर जा रहा था। तभी लालगंज कोतवाली के सौंना सरैंया चैराहे पर गांव के रामसुंदर के पुत्र प्रकाश नारायण शुक्ल, अशोक पाण्डेय, सुशील, सुनील तथा रमेश के पुत्र सुधीर, सुशील के पुत्र शिवसागर, अशोक के पुत्र मौसम ने एकराय होकर लाठी डंडे व कुल्हाडी से हमला बोल दिया। हमले में पीड़ित को सिर में गंभीर चोटें आयी और वह बेहोश हो गया।

आरोपियों में से एक ने हमले के दौरान पीड़ित का मोबाइल फोन तथा सोने की चेन भी छीन लिया। बीचबचाव को परिवार के सदस्य दौड़े तो आरोपियों ने उन्हें भी मारपीट कर चुटहिल कर दिया। पीड़ितो के शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी प्रकाश नरायन समेत आधा दर्जन के खिलाफ बलवा, हत्या के प्रयास व छिनैती तथा धमकी समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

इधर दूसरे पक्ष के रमेश पाण्डेय के पुत्र अशोक पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसका भाई पहली अक्टूबर को दवा लेने लालगंज के सौंना सरैंया तिराहे पर स्थित एक क्लीनिक पर गया था। वहां घात लगाए गांव के रामसुंदर के पुत्र अलख नारायण तिवारी तथा राजेन्द्र व रामचंद्र के पुत्र धीरज तिवारी ने उसके भाई को गाली देते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अलख नारायण समेत तीन के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों की ओर से केस दर्ज किया गया है, जांच कर सत्यता के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान जन जागरूकता रैली को डीएम ने किया रवाना

**विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 03 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक संचालित किया जायेगा**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान जनजागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर तक निकाली गयी। रैली में बेसिक शिक्षा विभाग की छात्र-छात्राओं, माध्यमिक शिक्षा विभाग की छात्र-छात्राओं एवं आशा कार्यकत्री आदि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेंद्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री सच्चिदानन्द यादव एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ0 अनुपमा मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें। जनपद में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 03 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक संचालित किया जायेंगा, जिसके अन्तर्गत जनपदवासियों को मच्छरों से बचाव एवं संक्रामक रोगों से बचाव के उपायों के विषय में जागरूक किया जायेंगा। मच्छरों से बचाव के लिए दरवाजों व खिड़कियों पर जाली लगवानें, नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करनें, मच्छररोधी उपाय अपनाने अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकट्ठा न होने देंने, पानी की टंकी पूरी तरह से ढक कर रखनें, पूरी बॉह वाली कमीज पैन्ट और मोजे पहननें, घर और कार्य स्थल के आस-पास पानी जमा न होने देने, कूलर व गमलों आदि को साप्ताह में खाली कर सुखाने एवं गड्ढ़ों में जहॉ पानी इकट्ठा हो, उसे मिट्टी से भर देंने आदि के प्रति जागरूक किया जायेंगा। इसी प्रकार संक्रामक रोगों से बचाव के लिए नालियों में जलजमाव रोंकने एवं नियमित सफाई करने, जानवर बाडे. घर से दूर रखने, जंगली झाड़ियों को नियमित साफ करने, चूहे छछूंदरों से बचनें, पीने के लिए इण्डिया मार्का.2 के पानी का प्रयोग करने, खाने से पहले साबुन से हॉथ धोनें, खुले में शौच न करने तथा नियमित शौचालय का प्रयोग करने, कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखने एवं बच्चों को जे0ई0 के दोनों टीके लगवाने आदि के प्रति भी जागरूक किया जायेंगा दस्तक अभियान के अन्तर्गत आशा कार्यकत्री दिनांक 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 के बीच हर घर का भ्रमण कर संचारी रोगों से बचाव तथा इसके लक्षणों एवं उपचार सुविधाओं के प्रति जागरूक करेंगी। इसकें साथ ही डेंगू फाइलेरिया, मलेरिया, दिमागी बुखार एवं क्षय रोग के लक्षणयुक्त रोगियों की खोज कर जांच एवं उपचार के लिए सूची बनायेंगी।

## दो दिन के भ्रमण पर कौशाम्बी आयेंगे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

**05 अक्तूबर और 06 अक्टूबर को कई कार्यक्रम में डिप्टी सीएम होंगे शामिल**

**अझुवा कौशाम्बी।** उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दो दिन के लिए कौशाम्बी भ्रमण पर आयेंगे। डिप्टी सीएम जिले में कई कार्यक्रम में शामिल होंगे अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक और प्रेस वार्ता भी डिप्टी सीएम करेंगे रात्रि विश्राम भी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य कौशाम्बी में करेंगे। जिला अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 5 अक्तूबर को कौशाम्बी आयेंगे सर्वप्रथम भाजपा जिला कार्यालय मंझनपुर में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। उसके बाद विभागीय अधिकारियों के साथ डिप्टी सीएम समीक्षा बैठक करेंगे।इसके बाद वह प्रेस वार्ता भी करेंगे कौशाम्बी में रात्रि विश्राम करेंगे और सुबह हेलीकॉप्टर द्वारा लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे।



# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में सफाई कर्मियों को दिया प्रशस्ति पत्र

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कलेक्ट्रेट स्थित उदयन सभागार में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत आयोजित सफाई कर्मियों के सम्मान समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर कमिश्नर एव सांसद ने कार्यक्रम शुभारम्भ किया और महात्मा गांधी एव लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किया उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह की केयर टेकर-श्रीमती साधना देवी, श्रीमती पुष्पा देवी, श्रीमती प्रियंका देवी, श्रीमती रूपा देवी, श्रीमती मिथिलेश कुमारी, श्रीमती प्रतिभा मिश्रा, श्रीमती रानू देवी, श्रीमती अनीता देवी, श्रीमती प्रियंका दुबे एवं श्रीमती सुमन देवी तथा ग्रामीण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मी राम मनोहर दिलीप कुमार, विन्देश्वरी, शैलेन्द्र, श्रवण कुमार, रंजीत कुमार रामलोटन धीरेन्द्र गौरव एवं रामआसरे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही नगर पालिका परिषद मंझनपुर के सफाई कर्मी-श्रीमती शकुन्तला देवी, श्रीमती ममता देवी राकेश कुमार सतीश कुमार मोनू कुमार रूपचन्द् धानू लाल सुनील कुमार लवकुश कुमार, गुड़िया, सुनील कुमार, ऊषा देवी, सरिता देवी, मोहन, अर्जुन, संजय, सर्वजीत, दिलीप एवं शुभम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



# आमने-सामने दो बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** कड़ाधाम थाना के अंतर्गत मीरापुर गांव के पास दो बाइक सवारो में आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें एक बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुँची स्थानीय पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक कड़ा धाम थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर कसार निवासी मनोज कुमार उम्र 24 वर्ष पुत्र राजाराम मंगलवार को बाइक से सैनी की तरफ आए थे कार्य निपटाकर वह घर जा रहे थे तभी मीरापुर के मौर्य ढाबा के पास दूसरी बाइक सवार से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई दो बाइक सवारो की टक्कर के बाद सड़क पर गिर पड़े और तड़पने लगे टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर ही मनोज कुमार की दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने लिखा पढ़ी करके शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुँच गए हैं।

# बीएसए एवं उप कृषि निदेशक कार्यालय का सीडीओ ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी ने आज कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं उप कृषि निदेशक का आकस्मिक निरीक्षण किया मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका के अवलोकन पर कनिष्ठ सहायक नीरज कुमार पटेल, परिचारकगण लालचन्द्र सरोज सत्येन्द्र कुमार एवं सचिन जायसवाल तथा सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत तैनात कार्मिक जिला समन्वयक योगेश तिवारी व लेखाकार श्यामबाबू सिंह अनुपस्थित पाये गये कार्यालय में भ्रमण पंजिका बनी हुयी पायी गयी, परन्तु दिनांक 19, मई, 2023 के उपरान्त कोई भी अंकन भ्रमण पंजिका में नहीं किया गया तथा न ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा इस पंजिका का अवलोकन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यालय में मुलाकाती रजिस्टर नहीं पाये जाने पर रजिस्टर बनाने के निर्देश दियें। इसके साथ ही कार्यालय में गन्दगी व सीढ़ी के नीचे कूडा-करकट जमा पाया गया। वाटर कूलर चालू हालत में नहीं था तथा हैण्डवास बेसिंन अत्यन्त गन्दा पाया गया शौचालय भी साफ-सुथरा नहीं पाया गया, यह स्थिति अत्यन्त ही आपत्तिजनक है मुख्य विकास अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि अनुपस्थित पाये गये कार्मिकों का एक दिवस का वेतन अवरूद्ध करते हुए उनका स्पष्टीकरण प्राप्त कर उनके कार्यालय में प्रस्तुत किया जाय तथा कार्यालय की समुचित साफ-सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित करायी जाय। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यालय उप कृषि निदेशक के निरीक्षण के दौरान उप कृषि निदेशक उपस्थित पाये गये। कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ सहायक सर्वेश कुमार एवं वरिष्ठ सहायक सोनू पाण्डेय तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अखिलेश कुमार अनुपस्थित पाये गये। उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी मंझनपुर सुश्री सुरूचि विश्वकर्मा अनुपस्थित पायी गयी तथा उनके कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ सहायक बृजेश कुमार रावत एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्रीमती गीता देवी अनुपस्थित पायी गयी। इसी प्रकार जिला कृषि रक्षा अधिकारी इन्द्र जीत यादव एवं उनके कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ सहायक श्रीमती सीमा पाण्डेय अनुपस्थित पायी गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने उप कृषि निदेशक के कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि के अन्तर्गत लम्बित प्रकरणों से सम्बन्धित बहुत अधिक शिकायतकर्ता कृषक व महिलायें उपस्थित थी, जिनकी शिकायतों को त्वरित निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। कार्यालय परिसर में काफी ज्यादा गन्दगी एवं कार्यालय में कूडा-करकट जमा पाया गया मुख्य विकास अधिकारी ने उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि अनुपस्थिति पाये गये अधिकारियों/कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण प्राप्त कर उनके कार्यालय में प्रस्तुत किया जाय तथा कार्यालय परिसर एवं उसके आस-पास समुचित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय।



**अनुपस्थित पाये गये अधिकारियों/ कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने एवं स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश**

**कार्यालय परिसर एवं कार्यालय की बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश**

## न्यूज झरोखा

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश महामंत्री ऋषिदेव त्रिपाठी के निधन से शिक्षकों में शोक



**कौशांबी।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश महामंत्री व ईश्वर शरण इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. ऋषिदेव त्रिपाठी का मंगलवार को निधन हो गया। वह वायरल मेनेंजाइटिस से पीड़ित थे। एक सप्ताह पूर्व उनकी तबियत खराब होने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तबियत में सुधार न होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ में भर्ती कराया गया था।जहां उनका निधन हो गया। उनके निधन पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कौशाम्बी द्वारा शोक सभा करके उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की मंगलवार को उनके पैतृक गांव गुरौली कौशांबी में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक संवर्ग उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह,प्रांतीय संगठन मंत्री शिव शंकर सिंह जी,अशोक सिंह जी,अशोक राय जी, कामतानाथ सिंह ,ओम दत्त त्रिपाठी ने पहुंचकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित किया राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि ऋषिदेव त्रिपाठी के आकस्मिक निधन से संगठन की अपूर्णनीय क्षति हुई है।उनके जैसा नेकदिल मिलनसार और कुशल संगठनकर्ता को हमने खो दिया।

### 47 लीटर अपमिश्रित शराब के साथ महिला पुरुष गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल




**अझुवा कौशांबी।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सैनी कोतवाली के अझुवा पुलिस चौकी इंचार्ज अरुण कुमार मौर्य ने महिला पुरुष को 47 लीटर अपमिश्रित शराब एवं शराब बनाने के उपकरण के साथ हिरासत में लिया है। पुलिस जानकारी के अनुसार सुनील कुमार पुत्र सेमलाल व पुष्पा देवी रामबाबू निवासी समदा पर थाना सैनी लंबे अरसे से अवैध अपमिश्रित शराब का निर्माण कर रहे थे सूचना पर आज मंगल वार चौकी प्रभारी अझुवा अरुण कुमार मय हमराहियों के छापा मारकर 47 लीटर अपमिश्रित शराब और शराब बनाने के उपकरण के साथ हिरासत में लिए संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत दोनो अभियुक्तों को न्यायालय सुपुर्द किया है।

### राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए करायें पंजीकरण

**कौशाम्बी** राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नया पंजीकरण एवं प्रवेश के लिए पोर्टल खुला हुआ है। यह जानकारी प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के0के0 राम ने देते हुए बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश पंजीकरण दिनांक 07 अक्टूबर 2023 की रात्रि 12 बजे तक आवेदन किया जा सकता है। इसी प्रकार निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश पंजीकरण दिनांक 09 अक्टूबर 2023 की रात्रि 12 बजे तक आवेदन किया जा सकता है। प्रवेश दिनांक 10 अक्टूबर 2023 की रात्रि 12 बजे तक ही लिया जा सकता है।

### 18 दिन बीते नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**कौशांबी** चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 सितंबर की रात्रि 11:00 बजे घर की छत पर अकेली सो रही दलित नाबालिक बालिका का मुंह दबाकर बालिका के साथ तमंचे की नोक पर पड़ोसी ने बलात्कार किया बालिका चीखती चिल्लाती है लेकिन दरिंदे नहीं माने मामले की जानकारी बालिका की मां को मिली तो बालिका की मां आरोपी के घर उलाहना देने गई जिस पर आरोपी के घर की दो महिलाओं ने उनके साथ गाली गलौज और मारपीट किया है पीड़ित बालिका की मां का कहना है कि रेप करने के बाद आरोपी ने धमकी दिया है कि यदि किसी से शिकायत किया तो पूरे परिवार को खत्म कर दिया जाएगा मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई थी लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद मुकदमा नहीं दर्ज हुआ तो 19 सितंबर को मामले की सूचना एसपी कार्यालय में दी गई लेकिन उसके बाद भी मामले में मुकदमा नही दर्ज हुआ है।

### पूरे दिन रेलवे पुलिस और अधिकारी करते हैं वसूली

**कौशांबी।** उत्तर मध्य रेलवे के भरवारी रेलवे स्टेशन पर वाहनों के खड़ा करने के लिए वाहन स्टैंड बनाया गया है जहां वाहन स्वामियों से ठेकेदारों द्वारा बलपूर्वक मनमानी वसूली की जाती है लेकिन उसके बाद भी वाहन स्वामी ठेकेदार की वसूली इसलिए देते हैं कि वाहन स्टैंड के बाहर जो नो वाहन पार्किंग का बोर्ड लगा है नो वाहन पार्किंग क्षेत्र में जिस वाहन स्वामी ने भूल से भी अपने वाहन खड़ा कर दिया झपट्टा मार कर रेलवे के अधिकारियों और पुलिस के जवान जुमार्ना वसूली के लिए जुट जाते हैं जानकारी के अभाव में या वाहन स्टैंड का शुल्क न देने की स्थिति में लोग स्टैंड से बाहर वाहन खड़ा कर देते हैं जिससे वहां मौजूद रेलवे के लोगों द्वारा वाहन स्वामियों की प्रताड़ना शुरू कर धमकाकर दबाव बनाकर गाली गलौज और अभद्रता कर- के जुमार्ना के नाम पर मोटी रकम वसूली जा रही है सूत्रों की मानो तो कई हजार रुपए प्रतिदिन की अवैध वसूली रेलवे के अधिकारियों के संरक्षण नो पार्किंग क्षेत्र से खुले आम हो रही है लेकिन मंडल रेल प्रबंधक और रेलवे के बड़े अधिकारियों की नजर भरवारी में होने वाली अवैध वसूली की ओर नहीं पहुंच रही है या फिर वसूली गैंग की जी हुजूरी के चलते मंडल रेल प्रबंधक भी भरवारी रेलवे स्टेशन के अफसर के गैंग की अवैध वसूली गैंग पर कार्रवाई करते नहीं दिख रहे हैं नो पार्किंग जोन में पूरे दिन होने वाले अवैध जुमार्ने की वसूली की यदि रेलवे के बड़े अधिकारियों ने जांच कराई तो कई लोगों की गर्दन नपना तय है।

# सोने चांदी के जेवर व नगदी सहित लाखों का सामान उठा ले गए चोर

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के हिनौता पुलिस चौकी के सरसवा गांव में बीती रात बेखौफ चोरों ने एक किसान के घर से सोने चांदी के जेवरात सहित नगद रुपए उठा ले गए है आवास निर्माण की धनराशि दो मोबाइल और सोने चांदी के जेवरात को चोरों ने पार कर दिया है इलाके में इसके पहले भी चोरी की कई बड़ी वारदात हो गई है जिनमें कुछ मामले का पुलिस ने खुलासा किया था लेकिन खुलासे पर पुलिस के सवाल खड़े हो गए हैं और कई मामले का खुलासा महीनो बाद भी पुलिस नहीं कर सकी है। घटनाक्रम के मुताबिक महेवा घाट थाना क्षेत्र के हिनौता पुलिस चौकी अंतर्गत सरसवा गांव निवासी पूरन सिंह पुत्र अमर सिंह प्रतिदिन की भांति सोमवार की रात परिवार के साथ खाना खा कर सो गए रात को अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर कमरे का ताला तोड़कर कमरे के अंदर रखा आपदा आवास का रखा पैसा मोबाइल और जेवरात उठा ले गए भुक्ति भोगी का छोटा भाई संदीप सिंह रात्रि 3:00 बजे के लगभग अपना फोन लेने के लिए उठा जब उसका फोन नहीं मिला तो अपने बड़े भाई के पास जाकर बोला कि मेरा फोन कहां है जब फोन नहीं मिला तो उसके भाई ने अपने भाई के फोन में फोन लगाने के लिए कहा तो भाई फोन खोजने लगा लेकिन उसका भी फोन नहीं मिला उन्होंने फोन ढूंढना शुरू किया तो देखा कि कमरा का ताला टूटा हुआ है हार ,मंगलसूत्र ,एक जंजीर कान के झूमर ,पैर के छागल, दो अंगूठी और नगदी आपदा आवास का पैसा गायब है मामले की सूचना परिवार में पुलिस को दी है खबर लिखे जाने तक मामले में रत्ती भर पुलिस आगे नहीं बढ़ सकी है इसके पहले भी इलाके में कई घरों में बड़ी चोरियां हो चुकी है कुछ मामलों में पुलिस ने घटना का खुलासा किया है लेकिन परिजनों ने पुलिस के खुलासे पर सवाल कर दिया कुछ मामले का कई महीने बाद खुलासा नहीं हो सका है।

# मछली पालन के लिए दिए पट्टा की भूमि पर लेखपाल दूसरे को करवा रहा कब्जा

अखंड भारत संदेश

**सिराथू तहसील क्षेत्र के नौढिया गांव में और चायल तहसील क्षेत्र के मोहिद्दीन पुर गांव में राजस्व लेखपालों के कारनामे के चलते हत्या की घटनाएं हो चुकी है**

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के ग्राम पंचायत अंदावा के मजरा शीतलपुर में जिस तालाब को जिला अधिकारी की स्वीकृति से मछली पालन के लिए पट्टे पर नीलामी कर स्वीकृति दी गई है मछली पालन करने वाले लोगों के कब्जे के तालाब को लेखपाल दूसरे लोगों को कब्जा करवा कर अवैध धन वसूली में मस्त है जिससे गांव में तनाव की स्थिति व्याप्त है बीते दिनों सिराथू तहसील क्षेत्र के नौढिया गांव में और चायल तहसील क्षेत्र के मोहिद्दीन पुर गांव में राजस्व लेखपालों के कारनामे के चलते हत्या की घटनाएं हो चुकी है लेकिन इसके बाद भी तमाम लेखपाल कानून नियम की धज्जियां उड़ाते हुए मनमानी तरीके से विवाद उत्पन्न कर धन वसूली में व्यस्त हैं मछली पालन को दिए गए तालाब में लेखपाल की सहमति से तालाब की जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा हो रहा है हल्का लेखपाल पर पैसा लेकर तालाबी नंबर पर कब्जा कराए जाने का आरोप लगा है। गांव के बबलू सरोज पुत्र भईयालाल ने मंगलवार को एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर कहा कि लेखपाल पैसा लेकर तालाबी नंबर पर लोगो को कब्जा करवा रहा है। जबकि उसी तालाब में मेरे भाई का मत्स्य पालन का पट्टा किया गया है। उसका कहना है कि मना करने पर अवैध कब्जा करने वाले धमकी देते है मछली पालन करने के लिए सरकार से पट्टा लेने वाले लोग कैसे सरकार की नीलामी की रकम अदा करेंगे जब उनके तालाब में लेखपाल अवैध कब्जा करवा देगा विवाद उत्पन्न कर धन वसूली में मशगूल लेखपाल के कारनामे को आला अधिकारियों को गंभीरता से लेना होगा वरना फिर बड़ी वारदात होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

### 4 लोगों से 36 लीटर अवैध शराब बरामद

कौशाम्बी जिले के पिपरी मोहब्ब्त पुर पइंसा चरवा पश्चिम शरीरा थाना पुलिस ने अलग अलग शराब कारोबार में लिप्त 4 लोगों को गिरफ्तार कर 36 लीटर अवैध शराब बरामद किया है शराब के साथ पकड़े गए चारो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात सम्बंधित थाना पुलिस द्वारा अभियुक्तों का चालान न्यायालय किया गया।

# विवाहिता पर प्राण घातक हमला करने वाले जेठ जेठानी पति और सास के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के औधन गांव निवासी रामबाबू केसरवानी पुत्र छेदीलाल केसरवानी ने अपनी बेटी आरती केशरवानी की शादी 27 जून 2020 को हिंदू रीति रिवाज के साथ इंद्रेश केसरवानी पुत्र स्व कल्लू प्रसाद केसरवानी निवासी मूरतगंज थाना संदीपन घाट जनपद कौशांबी के साथ विवाह किया था बेटी की शादी में 2 लाख कीमत का सोने चांदी का जेवर एक लाख रुपए कीमत का बर्तन फर्नीचर इलेक्ट्रॉनिक का सामान 3 लाख का खाना खर्चा स्वागत सत्कार में खर्च तिलक समारोह में नगद जेवर कपड़ा बर्तन मेवा मिष्ठान और सामान के साथ रिश्तेदारों को उपहार आदि में मिलाकर 5 लाख खर्च किया और सगाई में जेवर कपड़ा आदि सामान देने में 2 लाख से अधिक की रकम खर्च किया और परिवार की जरूरत के समान बेटी को देकर बेटी आरती देवी को विदा किया बेटी आरती देवी के पहुंचते ही ससुराल वाले सारे सामान को बेटी से छीन लिया और उसकी सास बदामा देवी उसके पति इंद्रेश कुमार उसके जेठ वीरेंद्र कुमार और जेठानी अर्चना देवी ने विवाहिता आरती के साथ मारपीट और गाली गलोज करना शुरू कर दिया पति शराब पी कर प्रतिदिन गाली गलौज मारपीट करने लगा और रात में खाना नहीं दिया जाने लगा बेटी को भूखा ही सोना पड़ता था बेटी को कमरे में बंधक बनाकर रखा गया बेटी के बीमार होने पर उसका इलाज नहीं कराया गया बेटी का पति अपने भाभी के कमरे में रात-रात भर रहता है। कई बार बिरादरी और समाज के लोगों के बीच इंद्रेश केसरवानी और उसके परिजनों को समझने का प्रयास किया गया लेकिन वह किसी की बात को सुनने को तैयार नहीं है बल्कि फोन पर तरह-तरह की बहाने बाजी करता है।जलती लकड़ी से विवाहिता को जलाकर मारने का प्रयास किया गया जिससे उसके कपड़े और शरीर जल गए तमाम इलाज करने के बाद विवाहित ठीक हो सकी लेकिन माथे में अभी भी जले के निशान बने हुए हैं 22 /5/2023 को इंद्रेश केसरवानी , उसका भाई वीरेंद्र केसरवानी तथा उसकी मां बदामा देवी जेठानी अर्चना देवी ने विवाहिता आरती देवी को गाली गलौज मारपीट कर जेवरात और नगदी को छीनकर विवाहिता को घर से भगा दिया विवाहिता अपने पिता के घर पहुंच कर आपबीती बताई। विवाहिता के पिता ने पिपरी थाने में आरोपियों के विरुद्ध लिखित तहरीर दी लिखित तहरीर पाकर पिपरी थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी पुलिस सूत्रों की माने तो जल्द ही विवाहिता को प्रताड़ित करने वालों की गिरफ्तारी हो सकती है।

# सौतेली मां की प्रताड़ना से त्रस्त बालिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अखंड भारत संदेश

**9 वर्ष पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में बालिका की माँ की भी हो चुकी है मौत**



**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के अड़हड़ा गांव में सोमवार की रात्रि में एक बालिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है परिजनों का कहना है कि पिता की डांट से बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है 9 वर्षों पूर्व बालिका की मां की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के अड़हड़ा गांव निवासी नकुल की पहली शादी संदीपन घाट थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव निवासी अनोखा देवी के साथ हुई थी अनोखा देवी की संतान अनामिका है लेकिन 9 पूर्व पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में अनोखा देवी की मौत हो चुकी है अनोखा देवी की मौत के बाद उसके पति नकुल ने कोखराज थाना क्षेत्र के भिखनापुर की आशा देवी से दूसरी शादी कर ली सौतेली मां बालिका अनामिका को आए दिन प्रताड़ित किया करती थी बालिका को सौतेली मां खाना कपड़ा भी नहीं देती थी बीती रात्रि एक परिवार ने बालिका पर कपड़ा चोरी का आरोप लगाया था आए दिन सौतेली मां की मारपीट प्रताड़ना से अनामिका व्याकुल रहती थी सोमवार की रात्रि में फिर सौतेली माँ आशा की शिकायत पर अनामिका के पिता नकुल ने अनामिका को बेरहमी से पीटा है चचाओं पर जाए तो पिटाई के बाद ही अनामिका की मौत हो गई है हालांकि परिजनों का कहना है कि अनामिका ने रात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है मामले की सूचना मिलते ही गांव के तमाम लोगों की भीड़ मौके पर लग गई है लोगों के बीच तरह-तरह की चचाएं हो रही है मृतक बालिका अनामिका के मामा दीपक कुमार पुत्र विधाता लाल निवासी गौसपुर थाना संदीपन घाट का कहना है के उनकी भांजी की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है और पुलिस इस मामले में निष्पक्ष तरीके से जांच कर अनामिका की मौत से पर्दा उठाएं पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है सौतेली मां की प्रताड़ना से बालिका ने आत्महत्या किया है या सौतेली मां के उसकावे पर उसके पिता की पिटाई से बालिका की मौत हुई है यह बड़ी जांच का विषय है।

संपादक की कलम से

## देशभर में उठने लगी जातीय गणना की मांग

आजादी के बाद समाजवादी नेता डॉ राम मनोहर लोहिया का यह नारा खूब गूंजा था जिसमें कहा गया पिछड़ा पावे सौ में साठ। आज इसी नारे को उन्हीं के समाजवादी पंथ के नीतश ने साकार किया है। जाति के आधार पर आबादी की गिनती को जातीय जनगणना कहते हैं। जातीय जनगणना से हर बात का पता चलता है, साथ ही जातियों की उपजाति का भी पता चलता है। इसके अलावा उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति का पता चल पाता है। बिहार सरकार ने गाँधी जयंती के दिन जातीय जनगणना के आंकड़े जारी कर सियासी भूचाल ला दिया। मुख्यमंत्री नीतीश के मास्टर स्ट्रोक का कितना असर होगा ये तो आने वाले वक्त में पता चल जाएगा। बहरहाल प्रदेश में एक बार फिर मंडल और कमंडल की राजनीति को बढ़ावा मिलेगा।

बिहार के बाद अब देशभर में जातीय गणना की मांग जोर शोर से उठने लगी है। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, जातिगत जनगणना से आरक्षण का मुद्दा फिर तूल पकड़ सकता है। बताया जाता है इससे नितीश की पार्टी को अपेक्षित लाभ मिलेगा। हालाँकि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे विकास विरोधी करार दिया है। मोदी ने जात-पात के नाम पर लोगों को बांटने का आरोप लगाते हुए विपक्ष पर हमला किया। मोदी ने कहा- विकास विरोधी तब भी गरीबों की भावनाओं से खेलते थे और आज भी खेलते हैं। वो तब भी जात-पात के नाम पर लोगों को बांटते थे और आज भी यही पाप कर रहे हैं। बिहार देश का पहला जातीय गणना के आंकड़े जारी करने वाला राज्य बन गया है। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले जातिगत जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक होने से बिहार के सीएम नीतीश कुमार को सबसे बड़ा फायदा हो सकता है. दरअसल, उनकी पार्टी जेडीयू बिहार में जाति की राजनीति करने के लिए ही पहचानी जाती है. वहीं, जातिगत जनगणना के ये आंकड़े मंडल और कमंडल की राजनीति के नए दौर को हवा देने के लिए काफी हैं। बिहार सरकार ये भी कहती रही है कि गैर-एससी और गैर-एसटी से जुड़े आंकड़ों के पहीं होने के कारण अन्य पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या का सही अनुमान लगाना मुश्किल हो गया है।


साल 1931 में हुई जनगणना के मुताबिक, बिहार में ओबीसी आबादी 52 फीसदी थी. वहीं, जातिगत जनगणना की मांग करने वालों का कहना था कि एससी और एसटी को उनकी आबादी के आधार पर आरक्षण दिया गया था। वहीं, ओबीसी की सही संख्या पता नहीं होने के कारण उन्हें पूरा फायदा नहीं मिल पाया है. लिहाजा, कोटा को संशोधित करने के लिए जाति आधारित जनगणना जरूरी है।

सर्वे के आधार पर राज्य में 13 करोड़ 7 लाख 25 हजार 310 लोग हैं। इसमें से 2,83,44,160 परिवार हैं। 13 करोड़ आबादी में सबसे ज्यादा 63 प्रतिशत ओबीसी ( 27 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग+ 36 प्रतिशत अत्यंत पिछड़ा वर्ग) वर्ग की आबादी है. जिसमें से 14.26 प्रतिशत यादव हैं और 3.65 प्रतिशत ब्राह्मण और राजपूत (ठाकुर) 3.45 प्रतिशत हैं। इन जातियों में सबसे कम संख्या कायस्थों की है. सर्वे के अनुसार प्रदेश में कायस्थों की आबादी केवल 0.60 प्रतिशत है. इसके बाद एससी वर्ग की 19 प्रतिशत आबादी है।

बिहार में ज्यादातर राजनीतिक दल जातीय जनगणना की लंबे समय से मांग कर रहे थे. उनका कहना था कि जातीय जनगणना होने से राज्य में रहने वाले दलित और पिछड़ा वर्ग के लोगों की सही संख्या पता चल जाएगी। इससे उन्हें आगे बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएं बनाने में आसानी होगी। अगर सही जातीय जनसंख्या का पता होगा तो राज्य में उनके मुताबिक प्रभावी योजनाएं बनाई जाएंगी। गौरतलब है बिहार विधानसभा में 18 फरवरी 2019 और विधान परिषद में 27 फरवरी 2020 को जातीय जनगणना कराने से जुड़ा प्रस्ताव पेश किया गया। इस प्रस्ताव को बीजेपी, राजद, जदयू समेत सभी दलों ने समर्थन दिया था। केंद्र सरकार बिहार में जातिगत जनगणना कराने के खिलाफ था। केंद्र ने इसको लेकर सर्वोच्च न्यायालय में हलफनामा दायर किया था। हलफनामे में कहा था कि जातिगत जनगणना नहीं होनी चाहिए। साथ ही दलील दी थी कि जातियों की गिनती करना लंबा और कठिन काम साबित होगा।

इसके बाद भी बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने जातीय जनगणना कराने का ऐलान कर दिया था।

# न्यूजक्लिक पर तगड़ा फ्लिक




विदेश से मिले फंड खास तौर पर चीन से मिले पैसों के खुलासे के बाद विवादों से घिरे इंटरनेट समाचार सूचना प्लेटफार्म देश के न्यूजक्लिक पर दिल्ली पुलिस ने तगड़ा फ्लिक किया है। दिल्ली पुलिस ने इससे संबद्ध नोएडा और गाजियाबाद समेत कुछ स्थानों पर दबिश दी है। इसके कर्ता-धर्ता यानी प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ हैं। पुरकायस्थ को इससे पहले दिल्ली पुलिस की इकोनॉमिक ऑफिंसेस विंग की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने 22 अगस्त को नोटिस भी दिया था। याचिका में अंतरिम आदेश वापस लेने की अपील की गई थी। अंतरिम आदेश में प्रबीर के खिलाफ सख्त कार्रवाई पर प्रतिबंध लगाया गया था।दिल्ली पुलिस ने इस बार अपने रडार पर कई चर्चित पत्रकारों को लिया है। इनमें पुरकायस्थ के अलावा अभिसार शर्मा, उर्मिलेश, संजय राजौरा, भाषा सिंह, औनिंद्यो चक्रवर्ती और सोहेल हाशमी हैं। इसकी वजह यह है कि यह सभी न्यूजक्लिक से किसी न किसी तरह संबद्ध हैं। इनको कुछ न कुछ पैसे मिले हैं। दो साल पहले 2021 में दिल्ली हाई कोर्ट ने सात जुलाई को प्रबीर पुरकायस्थ को गिरफ्तार न करने का आदेश पुलिस को दिया था। मगर दिल्ली हाई कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि पुरकायस्थ को अधिकारियों के निदेशों के मुताबिक जांच में सहयोग करना होगा। न्यूजक्लिक के वित्तपोषण की गूंज इस साल संसद के मानसून सत्र में हो चुकी है। सात अगस्त को लोकसभा में भाजपा के निशिकांत दुबे ने न्यूजक्लिक को मिलने वाली चाइना की फंडिंग का मुद्दा जोरशोर से उठाया था। यह वही दिन है जब राहुल गांधी सदस्यता बहाल होने पर 137 दिन बाद संसद भवन पहुंचे थे। दुबे ने कहा था कि देश में पड़ोसी देश के पैसे से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ माहौल बनाया गया। न्यूजक्लिक में पड़ोसी देश से पैसा आया। इस पर कांग्रेस ने काफी बवाल किया। आखिर में दुबे की टिप्पणी के कुछ अंश हटाए गए। विरोध की लपटें शांत न होने पर केंद्रीयमंत्री अनुराग ठाकुर को सामने आना पड़ा। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि 'कांग्रेस, चीन और विवादित न्यूज वेबसाइट न्यूजक्लिक एक ही गर्भनाल से जुड़े हैं। राहुल गांधी की 'नकली मोहब्बत की दुकान' में पड़ोसी सामान साफ देखा जा सकता है। चीन के प्रति उनका प्रेम नजर आ रहा है। वे भारत विरोधी अभियान चला रहे हैं।' अनुराग ठाकुर ने कहा था कि न्यूजक्लिक को कहां-कहां से पैसा मिला, इस सबकी जानकारी है। इनकी फंडिंग का जाल देखेंगे तो नेवल रॉय सिंघम ने इसको फंडिंग की। फंडिंग उसे चीन की ओर से आई। दिल्ली पुलिस की न्यूजक्लिक पर ताजा कार्रवाई को कांग्रेस को पच नहीं रही। तीन अक्टूबर दिन मंगलवार की यह कार्रवाई 17 अगस्त को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और आईपीसी की अन्य धाराओं के तहत दर्ज मामले पर आधारित है। इसमें धारा 153ए (दो समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और धारा 120बी (आपराधिक साजिश) लगी हैं। यहां यह भी जानना जरूरी है कि न्यूजक्लिक के संबंध में न्यूयॉर्क टाइम्स ने विस्फोटक रिपोर्ट छापी थी। इसमें भी दावा किया गया था कि इस वेबसाइट को चीन से वक्त बे वक्त पर फंड मिलता है। इसके बाद यह भी आरोप लगे कि इस वेबसाइट को 'अमेरिकी टेक मुगल नेविल रॉय सिंघम' वित्त पोषित करते हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि साल 2021 में जब भारत की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने मनी लॉन्ड्रिंग के पुख्ता सबूतों के आधार पर न्यूजक्लिक के खिलाफ जांच शुरू की तो कांग्रेस और पूरे वाम उदारवादी पारिस्थितिकी तंत्र ने उसका बचाव किया। उल्लेखनीय है कि दो साल पहले ईडी की जांच में पता चला था कि न्यूजक्लिक को चीन और विदेशी स्थानों से लगभग 38 करोड़ रुपये की फंडिंग मिली।

यह किसी से छुपा नहीं है कि नेविल रॉय सिंघम काफी उदार हैं। वह एनजीओ, शिक्षण संस्थानों और मीडिया संस्थानों को फंड करने को लेकर चर्चित हैं। 69 वर्षीय नेविल समाजवादी चिंतक और यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क में प्रोफेसर रहे आर्चिबॉल्ड डब्ल्यू सिंघम के बेटे हैं। 1991 में आर्चिबॉल्ड का निधन हुआ था। उन्हें आर्चि सिंघम भी कहा जाता था। आर्चि मूल रूप से श्रीलंका के रहने वाले थे। साम्राज्यवाद के खिलाफ उन्होंने कई किताबें भी लिखीं। नेविल रॉय सिंघम ने शिकागो में आईटी फर्म खोली थी। उन पर काफी पहले से चीन सरकार को प्रमोट करने वाले संस्थानों को फंडिंग करने का आरोप लगता रहा है। न्यूजक्लिक पर हुए फ्लिक से कांग्रेस को मिर्ची लगी है। उसके नेता प्रमोद तिवारी ने टिप्पणी की है, "लगता है तानाशाही आ चुकी है। मीडिया पर अभिव्यक्ति और स्वतंत्रता ही नहीं बल्कि उस पर आर्थिक और सामाजिक रूप से भी अंकुश लगाया जा रहा है। इस कार्रवाई पर सीताराम येचुरी ने सवाल उठाए हैं। इस पर केंद्रीयमंत्री अनुराग ठाकुर ने भुवनेश्वर में कहा है कि न्यूजक्लिक पर हुए ताजा एक्शन के औचित्य पर कुछ भी कहने की जरूरत नहीं है। जांच एजेंसियां स्वतंत्र हैं। वह कानून के दायरे में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# मैक्सिको की संसद में एलियंस

**प्रमोद भार्गव**

अभी तक एलियंस के दावे हवा-हवाई थे। लेकिन अब वैज्ञानिकों ने मैक्सिको की संसद में एलियंस के दो षव पेष करके दुनिया को हैरानी में डाल दिया है। ऐसा पहली बार हुआ है कि कथित एलियंस की ममियां पेष करके उनकी उम्र 700 और 1800 वर्श बताई गई है। इन एलियन की खास बात है कि इनके हाथों में पांच की जगह तीन-तीन ऊंगलियां हैं और सिर लंबे व चोंचनुमा हैं। अब इस मामले में प्रष्न उठाए जा रहे है कि क्या वाकई ये लाषें एलियन की ही हैं। क्या यह हरकत किसी शड्यंत्र का हिस्सा है। बावजूद वैज्ञानिकों का दावा है कि इन ममियों को पेरू के कुस्को क्षेत्र से प्राप्त किया गया है। इन्हें मैक्सिकन पत्रकार और यूफोलॉजिस्ट जैमे मोसन ने हासिल किया है। मोसन दाष्कों से अलौकिक घटनाओं की पड़ताल में लगे हैं। इस अवसर पर अमेरिकन फॉर सेफ एयरोस्पेस के निदेषक रेयान ग्रेव्स भी मौजूद थे। इन वैज्ञानिकों का दावा है कि ये दोनों लाषें धरती के इंसान की नहीं है। ये जीव हैं, जो उन्हें उड़न तष्तरियों के मलबे से मिले हैं। चूंकि ये धरती के जीव नहीं हैं, इसलिए इन्हें परग्रही अर्थात दूसरे ग्रह का प्राणी कहा जा रहा है।

एलियंस होने के दावे कोई नई बात नहीं है। अनेक मर्तबा यूएफओ और एलियंस को देखे जाने के दावे तो किए गए हैं, लेकिन वैज्ञानिक एलियन का कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाए। ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी देष की संसद में एलियन की लाषें बतौर सबूत पेष की गई हैं। हैरानी इस बात पर भी है कि जिस परग्रही जीव के होने के अंदाज लगाए जाते रहे हैं, उनके बारे में वैज्ञानिक दावे हैं कि ये चोरी-छिपे पृथ्वी पर आते हैं और पृथ्वीवासी मनुश्य की गतिविधियों पर नजर रखते है। विज्ञान की उपलब्धियों में ये हमसे हजारों गुना ज्यादा जानते हैं। जिस यूएफओ ( अनआइडेंटिफाइड फ्लाइंग ऑब्जेक्ट) अर्थात हवा में उड़ने वाला एक ऐसा वाहन जिसकी पहचान अभी तक निष्चित नहीं हो पाई है। बावजूद इन उड़न तष्तरियों को एलियंस का वाहन माना जा रहा है। एलियंस ब्रह्मांड के किसी ग्रह उपग्रह के ऐसे निवासी माने जाते हैं, जो बुद्धि में मनुश्य से तेज हैं और अपने करिष्मों से मनुश्यों को छका रहे हैं। इन पर बहुत से किस्से-कहानियां लिखे जा चुके हैं और अनेक सफल फिल्में भी बन चुकी हैं। लेकिन इनका अस्तित्व वास्तव में है अथवा नहीं, यह अभी भी संदिग्ध है।

एलियन अर्थात परग्रही हैं तो यह प्रष्न स्वाभाविक है कि ब्रह्माण्ड के असीम विस्तार में पृथ्वी के अलावा भी जीवन की संभावनाएं हैं। हमारे ही नहीं विष्व के प्रत्येक प्राचीन धर्म की पौराणिक कथाओं में सुदूर ग्रह या लोकों के देवताओं के पृथ्वी पर आने-जाने का उल्लेख मिलता है। इन पौराणिक कथाओं के षाब्दिक अर्थों के प्रकाष में उनकी तार्किक उपस्थिति की पड़ताल के लिए वैज्ञानिक सक्रिए हुए हैं। एलियंस के आ रहे चित्रों, विज्ञान-कथाओं व फिल्मों में जीवंत पात्र की भूमिका ने इसकी एक काल्पनिक छवि हमारी स्मृति में उकेर दी है। इनके अस्तित्व और मानव सभ्यता पर इसके प्रभाव को लेकर षोध निरंतर जारी हैं। प्रसिद्ध वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग ने एलियंस से संपर्क नहीं करने की चेतावनी दी थी। उन्होंने इन्हें पृथ्वी निवासी मानव अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा बताया था। उनकी षंका थी कि एलियंस हमसे बेहतर तकनीक वाले जीव हो सकते हैं। हमारे पूर्व राश्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने भी एलियंस के अस्तित्व की संभावना से इंकार नहीं किया है।

हालांकि तमाम जीवविज्ञानियों का मानना तो यहां तक है कि अतीत में सुदूर ग्रहों से परलोकीय प्राणी पृथ्वी पर आए थे और उन्होंने ही पृथ्वीवासी मनुश्य को सभ्य होने का रास्ता दिखाया था। अब हमारे पुराणों में तो जितने देवता हैं, उनका निवास परलोक ही है। ये देवता धरती व अन्य ग्रहों पर अपने आकाषगामी यानों से आया-जाया करते थे। हालांकि अब अनेक परंपरागत जड़ताएं टूट रही हैं। वैज्ञानिक एलियंस की सच्चाई को समझने के लिए परग्रही देवताओं के काल्पनिक व अविष्वसनीय से लगने वाले अस्तित्व में भी झांक रहे हैं। अपनी मृत्यु से कुछ समय पहले प्राध्यापक चार्ल्स हैपगुड से आइंसटाइन ने कहा था, मैं यह मानने को तैयार हूं कि प्रागैतिहासिक काल में ग्रहों के वासी पृथ्वी पर आए थे। परग्रही प्राणियों के अध्ययन क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. फ्रांसिस क्रिक और लेस्त्री ऑर्गल नाम के इन दो जीव विज्ञानियों का अभिमत है कि जीवन की उत्पत्ति पृथ्वी पर नहीं हुई। आज से अरबों वर्श पूर्व, हमारी आकाषगंगा में स्थित किसी सभ्य ग्रह से षैवाल अथवा सूक्ष्मजीवों से भरा कोई अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर आया होगा और पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति और सभ्यता का विकास करके अपने ग्रह पर वापस लौट गया होगा। रॉकेट के अविश्कारक हरर्मन हावर्थ ने अपने एक भाशण में कहा था, यह संभावना है कि पृथ्वी पर कभी अन्य ग्रहवासियों का आगमन हुआ था, मुझे असत्य व अविष्वसनीय नहीं लगता है। इसी क्रम में प्रसिद्ध जीव वैज्ञानिक कार्ल सागन ने कहा था कि अन्य ग्रहों पर जीवन है या नहीं, इस खोज की षुरूआत हमें पृथ्वी पर से ही करनी होगी, क्योंकि पृथ्वी पर अन्य ग्रहों पर जीवन के अनेक बोलते प्रमाण हैं।

डॉ. कार्ल सागन ने अपने प्राध्यापक मित्र जोसेफ स्कलोवस्की के साथ मिलकर एक विचारोत्तेजक षोधपूर्ण पुस्तक इंटेलिजेंट लाइफ इन द यूनिवर्स परग्रहियों पर लिखी है। इसमें दोनों ने अनेक तर्कों और साक्ष्यों द्वारा यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि जिस काल में मानव पूर्ण मानव (होमोसेपियेंस) बना था, उस कालखडं में या उससे कुछ समय पूर्व पृथ्वी पर अन्य किसी ग्रह से अत्यंत सभ्य और प्रबुद्ध प्रजाति के लोग आए थे। उन्होंने इस मत का आधार प्राचीन सुमेर तथा अक्कद (वर्तमान बेबीलॉन) की कला, संस्कृति और विज्ञान को बनाया है। जैविक विकास प्रक्रिया के अनुसार उन्हें सभ्य होने में कई हजार वर्श लगने थे, पर वे जिस तत्परता से सभ्य हुए, वह हैरानी में डालने वाला तथ्य है। दरअसल ऐसा इसलिए संभव हुआ, क्योंकि सुमेर और अक्कद देषों के लोग अंतरिक्षवासियों के उत्तराधिकारी थे। बेबीलोन, असीरिया और फारसवासी असुर यानी सक्षम जाति के लोग थे। सुमेर के प्राचीन इतिहास में उल्लेख है कि प्राचीन सुमेरवासी ऐसे लोगों के वंषज हैं, जो मानव नहीं थे तथा अन्य ग्रहों से पृथ्वी पर आए थे। सुमेर की दंतकथाओं में भी यही उल्लेख है। इन कथाओं में अपकल्लू नामक देवता का जिक्र बार-बार आया है। सुमेर की प्राचीन षैल-भित्तियों पर कीलाक्षर लिपि में ताम्र-पत्रों पर जो वर्णन है, उससे ज्ञात होता है कि इस देवता का अवतरण प्राचीन सुमेर के जन्म के कई हजार वर्श पूर्व हुआ था।

अमेरिकी खगोलषास्त्री जेएन हाइन अंतरिक्ष में जीवन विशय पर षोधरत हैं। उनका मानना है, पृथ्वी के अतिरिक्त अन्य ग्रह भी हैं, जहां मनुश्य से भी अधिक उन्नत और सभ्य प्राणी निवास करते हैं। रूसी खगोलषास्त्री वेलारिना जूरावलेवा ने कहा था कि अपने अध्ययन से हम इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि अंतरिक्ष के विभिन्न ग्रहों से अंतरिक्ष यात्री अपने अंतरिक्ष यानों द्वारा, प्राचीन काल से पृथ्वी पर आते रहे हैं। हमारी परिकल्पना है कि ये अंतरिक्ष यात्री पौराणिक कथाओं के दवता रहे होंगे ? ये यात्री स्वान नामक तारा-समूह में स्थित एक सुदूर ग्रह से आए थे। आज भी इस ग्रह से पृथ्वी पर समझ में नहीं आने वाले रेडियो संदेष आते रहते हैं। स्वयं हमने ऐसे कुछ संदेष प्राप्त किए हैं। ब्रितानी वैज्ञानिक जॉन केज ने स्वीकारा है कि ग्रहों से पृथ्वी पर आने वाले प्राणी, वास्तव में दूरस्थ ग्रहों के ऐसे संज्ञावान प्राणी हैं, जिनकी रचना ऋणात्मक विद्युत से हुई है। वे मानव निर्मित सजीव पदार्थों के किसी भी वर्ग में नहीं आते। जब कभी उनमें विद्युत ऊर्जा अधिक हो जाती है, तो वे अतिरिक्त ऊर्जा को विसर्जित करने पृथ्वी पर आ जाते हैं। इस प्रक्रिया के दौरान वे नाना रंग, रूप और आकार धारण करते हैं। नासा में भारतीय वैज्ञानिक रहे डॉ. राम सिन्हा ने कहा था कि अंतरिक्ष की खोज से संबंधित वैज्ञानिक अब यह मानते जा रहे हैं कि अतीत में सभ्य ग्रहों के समृद्धषाली व तकनीक से संपन्न लोग पृथ्वी पर आ चुके हैं। उन्होंने पृथ्वी और अन्य अविकसित ग्रहों से लगातार संपर्क बनाए रखने के लिए, अंतरिक्ष में कहीं अपना ठिकाना भी बना रखा है। पृथ्वी से ऐसा निकटतम ठिकाना चंद्रमा या मंगल के किसी सिरे पर हो सकता है। यह भी संभावना है कि उनका यह अड्डा बृहस्पति या षनि के किसी उपग्रह पर या हमारे सौरमंडल के कहीं बाहर स्थित हो।

# विकास की मनभावन फाग, विपक्ष का विषैला राग

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चिंतन में स्वच्छता, ग्राम स्वराज, कृषि, पशुपालन, वंचितों का उत्थान आदि अनेक पहलू शामिल थे। वह देश को स्वतंत्र कराने के साथ ही साथ समरस और समृद्ध समाज का निर्माण भी चाहते थे, जिसमें किसी को भी जीवन की मूलभूत सुविधाओं का अभाव झेलना ना पड़े। जब वह स्वच्छता की बात करते थे, तब उसमें निरोग विषय भी शामिल हुआ करता था। नरेन्द्र मोदी सरकार ने हर घर नल से जल योजना शुरू की। यह अभियान सफल हो रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अपनी रिपोर्ट में इस अभियान को बहुत लाभदायक बताया है। उसने कहा कि इससे लाखों लोगों की जान बचाना सम्भव हुआ है। पूर्वी उत्तर प्रदेश चालीस वर्षों तक मस्तिष्क ज्वर से पीड़ित था। योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छ जल अपूर्ति सुनिश्चित की। स्वच्छता अभियान चलाया। इससे महामारी को समाप्त किया गया। बावजूद इसके विपक्ष का ताजा एलायंस कुआं पर राजनीति कर रहा है। कुछ दिन पहले इसके एक नेता ने राज्यसभा में काव्य पाठ किया। वह राजद के प्रवक्ता है। पढ़े-लिखे लोगों में शुमार हैं। उन्होंने किसी अन्य की कविता सुनाई- चूल्हा मिट्टी का/ मिट्टी तालाब की/ तालाब ठाकुर का/ भूख रोटी की/ रोटी बाजरे की/ बाजरा खेत का/ खेत ठाकुर का/ बैल ठाकुर का/ हल ठाकुर का/ हल की मूठ पर हथेली अपनी/ फसल ठाकुर की/ कुआं ठाकुर का/ पानी ठाकुर का/ खेत-खलिहान ठाकुर के/ गली-मोहल्ले ठाकुर के फिर अपना क्या?। इसके माध्यम से वह बिहार में अपनी पार्टी का जातीय समीकरण दुरुस्त करना चाहते थे।

इस काव्य पाठ से लालू यादव भाव विभोर हो गए। कहा मनोज झा विद्वान आदमी हैं। उन्होंने सही बात कही है। आनंद मोहन ने कहा यदि मैं राज्यसभा में होता तो मनोज झा की जीभ खींचकर सभापति के आसन की तरफ उछाल देता। बिडम्बना देखिए मनोज झा उस पार्टी के हैं जिसके संस्थापक ने भूराबाल साफ करो को पार्टी का उद्देश्य बताया था। उसकी राजनीति एमवाई समीकरण पर आधारित थी। आज बिहार में जो ब्राह्मण- ठाकुर हो रहा है, वह तो राजद के समीकरण में शामिल ही नहीं है। ये वही नेता हैं जो बिहार के मंत्री द्वारा श्री रामचरित मानस पर अमर्यादित टिप्पणी पर मौन थे। एलायंस के अन्य दलों द्वारा हिन्दू धर्म को धोखा बताने, सनातन के उन्मूलन पर भी ये नेता विचलित नहीं हुए थे। यही इनकी राजनीति है। ये कूपमंडूक ही बने रहना चाहते हैं। सरकार स्वच्छ जल पहुंचा रही है। ये नेता ठाकुर का कुआं कविता में अटके हैं। भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें विकास की दिशा में बहुत आगे निकल गई हैं। यह गठबंधन कुआं, जाति और मजहब से ऊपर ही नहीं उठ रहा। नमामि गंगे से प्रारंभ हुई यह यात्रा सिंचाई और पेयजल जैसी योजनाओं तक विस्तारित हैं। भारत सरकार ने वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन की शुरूआत की थी, जिसका लक्ष्य वर्ष 2024 तक हर ग्रामीण घर में नल से जल पहुंचाना है। जल जीवन मिशन के प्रारम्भ के समय देश में जहां करीब सवा तीन करोड़ ग्रामीण घरों में नल से जल की आपूर्ति होती थी। अब करीब 12 करोड़ घरों में नल से जल की आपूर्ति हो रही है। इस मिशन से गांव के लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल रहा है। इससे जलजनित बीमारियों में उल्लेखनीय कमी आई है। इस योजना से पानी की बबार्दी रुकी है। साथ ही उसके दूषित होने की सम्भावना नगण्य हो गई है। वर्ष 2015 में शुरू की गई ह्यप्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनाह्व इस क्षेत्र में बड़ी पहल है। जल संरक्षण लक्ष्यों के अनुरूप यह योजना ह्यपर ड्रॉप मोर क्रॉपह्व सुनिश्चित करने के लिए सटीक-सिंचाई और जल संरक्षण तकनीक को अपनाने की परिकल्पना को साकार करती है। एक बार महात्मा गांधी काशी में श्रीविश्वनाथ धाम के दर्शन के लिए गए थे। उन्होंने वहां पर्याप्त स्वच्छता ना होने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज श्री काशी विश्वनाथ धाम की काया पलट दी है।अब यहां स्वच्छता है। रिकार्ड संख्या में तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सही मायने में महात्मा गांधी के रास्ते पर चलते हुए विकास की बुनियाद रखी है।भारत में संसाधन की कमी नहीं हैं।

# साली ने करवाई थी जीजा की हत्या, प्रेम प्रसंग में हुई हत्या



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रेम प्रसंग में साली ने जीजा से अवैध संबंध के चलते पति की हत्या करवा दी। ये घटना कोतवाली कर्वी के कपसेठी गांव की है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने पत्रकारों से बताया कि 16 सितंबर को सुनीता देवी ने कर्वी कोतवाली में पति रामबरन की हत्या का मामला अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज कराया था। रामबरन का शव बन्धोइन नहर के पास मिला था। विवेचक आशुतोष तिवारी ने मुखबिर की सूचना पर घटना का खुलासा किया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हरिश्चंद्र पुत्र नाथू, संगीता पत्नी हरिश्चंद्र व पिंकी पत्नी रामबरन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा भी बरामद किया है। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि ये मामला प्रेम प्रसंग का निकला। पिंकी व हरिश्चंद्र में प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसकी जानकारी पति रामबरन को हो गई थी। पिंकी व हरिश्चंद्र तथा बहन संगीता ने मिलकर रामबरन की हत्या कर शव बन्धोइन नहर के पास फेंक दिया था। शिनाख्त न हो, इसलिए पेट्रोल से शव को जलाने का प्रयास किया। हरिश्चंद्र ने रामबरन को दावत को अपने घर बुलाया। वहां शराब पिलाकर मारपीट की। हरिश्चंद्र व संगीता ने रस्सी से उसका गला घोंट कर हत्या कर दी। पहचान छुपाने को चेहरे पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। टीम में निरीक्षक अपराध आशुतोष त्रिपाठी, सिपाही गोलू भार्गव, जयनारायण पटेरिया, अनुज यादव व महिला सिपाही रीना चैधरी शामिल रही।

# घटिया सामग्री से बन रहे नाले की खुली कलई

## सपा नेता अनुज यादव ने शासन को भेजा पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के बेडीपुलिया से पिपरावल नाले तक बन रहे नाला निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग हो रहा है। सात करोड की लागत से बन रहे नाला में स्टीमेट के विपरीत निर्माण कार्य होने की जांच की मांग सपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव सूबे के मुख्यमंत्री से की है।

मंगलवार को जिला मुख्यालय को जोडने वाली सड़क एनएच-35 बेडीपुलिया से कर्वी शहर होते हुये पिपरावल नाला निर्माण का कार्य तीन साल से हो रहा है। ठेकेदार ने विभागीय ड्राइंग डिजाइन के विपरीत मानकविहीन कार्य मनमानी ढंग से कर रहा है। इस मार्ग के बीच से 75 फीट दोनो ओर छोडकर नाला निर्माण करना चाहिए। शेष जगह में इंटरलाकिंग कार्य होना चाहिये, जो नहीं हो रहा। सपा राज्य कायार्कारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बिन्दुवार शिकायत की। उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। कहा है कि फर्जी बिल बनाकर किये भुगतान की रिकवरी की जाये। स्टीमेट अनुसार कबरई की ग्रेनाइट गिट्टी का प्रयोग होना चाहिये, जबकि भरतकूप की ग्रेनाइट का प्रयोग हो रहा है।



उन्होंने कहा कि केन की बालू की जगह भरतकूप की डस्ट व भरतकूप पहाडी से निकली लाल बालू का प्रयोग हो रहा है। 12 एमएम सरिया की जगह आठ एमएम सरिया प्रयोग की जा रही है। नाले का ब्यास बनाने में 1:2:4 के कंकीट मशाला की जगह 1:6:12 से बनाया जा रहा है। नाला की दीवार ढालने में 1:1, 1:2:3 के स्थान पर 1:4:8 का प्रयोग हो रहा है। नाले के ढक्कन की गुणवत्ता बेहद खराब है। वह अभी से टूटने लगे हैं। संज्ञान में आया है कि ठेकेदार ये कार्य पेटी कान्ट्रक्टर से करा रहा है, जिसके पास कोई टीएनपी नही हैं। सीमेन्ट मिक्सर प्लांट की जगह मिक्सर मशीन से नाला बनाया जा रहा है।उन्होंने सूबे के मुख्यमंत्री से मांग किया कि सात करोड रुपये लागत से बनने वाले नाले की टीएसी जांच कराई जाये, ताकि घटिया सामग्री से बन रहे नाला की कलई खुल सके।

# केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री की किसान सभा ने उठाई बर्खास्तगी की मांग

## जुलूस निकाल किया प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश किसान सभा सदस्य राज्य कार्यकारिणी का रुद्र प्रसाद मिश्र एड की अगुवाई में किसानों ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी जुलूस लेकर तहसील सदर पहुंचे। यहां राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सौरभ यादव को सौंपा।

मंगलवार को उत्तर प्रदेश किसान सभा सदस्य राज्य कार्यकारिणी का रुद्र प्रसाद मिश्र एड की अगुवाई में किसानों ने कचहरी परिसर से जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का जुलूस तहसील सदर पहुंचा। यहां राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर सौरभ यादव को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि तीन अक्टूबर 2021 को लखीमपुर खीरी में भारत सरकार में केंद्रीय गृहराज मंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी के रची साजिश से उनके सामंतवादी बेटे आशीष मिश्रा ने अंग्रेजी हुकूमत को प्रदर्शित करते हुए निहत्थे आंदोलनरत किसानों पर गाड़ी चढाकर रौंद डाला था। इसमें चार किसान व एक पत्रकार की मौत हो गई थी। उन किसानों की दूसरी बरसी पर अफसोस से




कह रहे हैं कि किसानों के साथ इस तरह का गम्भीर अपराध करने वाले भारत सरकार के गृहराज मंत्री को पद से हटाया जाये। उन्हें पद से न हटाने व बर्खास्त न करने से खफा मजदूर, किसान काला दिवस मना रहे हैं।

उन्होंने मांग उठाई कि केंद्रीय गृहराज मंत्री अजय मिश्रा को बर्खास्त कर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाये। इस मौके पर रामप्रताप विश्वकर्मा, रामसहाय सिंह, सागर, पूनम, कमला, गौरीशंकर, अजय सिंह एड, रोशनी, शिवमोहन, रामभवन, राजाराम, कुलदीप यादव, गेंदिया आदि मौजूद रहे।

# कालूपुर पाही सम्पर्क मार्ग बनवायें : विधायक

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता को लिखे पत्र में कहा कि राजकीय महाविद्यालय पाही तक का सम्पर्क मार्ग तीन किमी बुरी तरह क्षतिग्रस्त है। उन्होंने सम्पर्क मार्ग के मरम्मतीकरण कराने को नाबार्ड योजना में प्रस्तावित करने को कहा है।

मंगलवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र 236 चित्रकूट में कर्वी के एआरटीओ आफिस से राजकीय महाविद्यालय पाही तक सम्पर्क मार्ग तीन किमी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। छात्र-छात्राओं को विद्यालय आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। इसका पुनः मरम्मतीकरण कराया जाना बेहद जरूरी है।

उन्होंने इस सम्पर्क मार्ग के मरम्मतीकरण को नाबार्ड योजना में शामिल करने को कहा है।

# चरवाहे को बचाने के फेर में बाइक सवार घायल

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** झांसी-मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग के मऊ थाना क्षेत्र के कटिया गांव में हाइवे किनारे भैंस चरा रहे चरवाहे को बचाने के फेर में बाइक सवार युवक घायल हो गया।

ये हादसा मंगलवार की शाम साढ़े चार बजे हुआ। बताया गया कि प्रयागराज की ओर बाइक सवार राजेश कुमार (30) पुत्र शिवलाल निवासी गाढ़ा कटरा जिला प्रयागराज जा रहा था। इसी बीच राष्ट्रीय राजमार्ग में कटिया के पास भैंस चरा रहे युवक अचानक सामने आ गया। इसे बचाने के फेर में बाइक बेकाबू हो गई, वह घायल हो गया।

बतातें है कि चरवाहा भी घायल हो गया। दोनों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को घर भेज दिया गया है।

# गांजा समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह की टीम ने पप्पू उर्फ बब्बू लोध पुत्र रामाश्रय लोध निवासी नांदिन कुर्मियान थाना राजापुर को एक किलो दौ सौ ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज किया है। टीम में चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह, दरोगा मेवालाल मौर्य व दीवान उमाशंकर सिंह शामिल रहे।

# वन कर्मियों ने ग्रामीणों को पीटकर किया घायल



## , डीएम-एसपी से ग्रामीणों ने लगाई गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मारकुण्डी थाने के डोंडामाफी गांव के बाबा जान पुत्र शिवलाल व गोरेलाल पुत्र धर्मपाल के साथ गांव के तमाम ग्रामीण जिलाधिकारी कार्यालय आये। जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में कहा कि बाबा जान व गोरेलाल को वन कर्मियों ने मारपीट कर घायल कर दिया है। मारकुण्डी थाना पुलिस रिपोर्ट नहीं दर्ज कर रही।

मंगलवार को घायलों को लेकर आये ग्रामीणों ने कलेक्टेज्ट मे बताया कि 23 सितम्बर को शाम चार बजे वन कर्मियों ने बाबा जान व गोरेलाल के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दाहिना पैर तोड दिया है। गोरेलाल के बाये पैर में गम्भीर चोंट आई है। बेहोशी दशा में बाबाजान को घटना स्थल से लाया गया। आरोप लगाया कि मारने वाले वन कर्मी उमेश शुक्ला, रामभवन व रामकुमार, सुरेश पटेल, लाला आदि हैं। पीडितों ने घटना की तहरीर मारकुण्डी थाने में दी। थाना पुलिस ने घटना स्थल देखने के बाद भी मामला दर्ज नहीं किया।

ग्रामीणों ने डीएम से गुहार लगाई कि अपराधियों के खिलाफ मामला दर्जकर कानूनी कार्यवाही की जाये।

# हम सभी को उसी चीज का संचय करना चाहिए जिसका हम सदुपयोग कर सकें-जिलाधिकारी

**अलीगढ़**

**जिला** मजिस्ट्रेट इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा कलक्ट्रेट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं जय जवान-जय किसान का नारा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। डीएम ने कहा कि महात्मा गांधी जी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने पहले थे। उनके विचारों को हम सभी को आज भी अपनाने की आवश्यकता है। उनके पद चिन्हों

# छेदा लाल और खेम सिंह की जोड़ी ने लोग गायन से अंग्रेजों के खिलाफ लोगों को किया था एकजुट

**अलीगढ़**

**महान** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कामरेड छेदालाल मूढ़ इतने निर्भीक और शेर दिल थे कि उन्होंने अलीगढ़ जेल की अव्यवस्थाओं को लेकर तत्कालीन जिला जेलर के मुंह पर पत्थर मार कर उसके दांत तोड़ दिए थे। यह उदगार अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष चैधरी अमरपाल ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत लहरा ग्राम पंचायत सचिवालय को काम रेड स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मूढ़ के १३१वें जयंती के समर्पण समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।चैधरी अमर पाल कहा कि छेदा लाल मूढ़ और स्वतंत्रता सेनानी खेम सिंह नागर की ऐसी जोड़ी थी जिसने अपने लोग गायन से कोलकाता मुंबई तक को अंग्रेजों के खिलाफ एकजुट होने के लिए मजबूर कर दिया था। आजादी के अमृत महोत्सव के जिला समन्वयक सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि मूढ़ जी के कंठ में सरस्वती का वास था हरदुआगंज की सभा में मूढ़ जी के सामने जवाहरलाल नेहरू को सुनने के लिए जनता ने मना कर दिया था। कामेश गौतम ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बंगाल में पड़े अकाल के दौरान उन्होंने गायन के माध्यम से हजारों रुपए अन्न तथा वस्त्र एकत्र किए और अकाल पीड़ितों को दान कर दिया। राजस्थान लोक अदालत के अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने पुष्पांजलि देते हुए कहा कि 1922 से 1957 तक उत्तर भारत की शायद कोई ऐसी जेल होगी जिसमें मूढ़ जी के कदम ना पड़े हों।इस मौके पर सिंघारपुर से आई लोक गायकों की मंडली ने छेदालाल शर्मा मूढ द्वारा लिखे गए आजादी के तरानों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। इस गायक मंडल में सर्व श्री नेत्रपाल सिंह जयप्रकाश पचौरी मंगलसेन श्यामवीर सिंह जसवीर सिंह आदि शामिल थे। जबकि लोग गायक शिव चरण लाल ने आजादी की बारहमासी तथा डॉ राजेंद्र सिंह राज ने आजादी की तराना को खयाल गायकी में प्रस्तुत किया अंत में ग्राम प्रधान पति किशन कौशिक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस गांव में 8 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पैदा हुए हैं ।

# धोखाधड़ी करने वाले महिला समेत चार दबोचे

## सोने-चांदी के जेवर, फर्जी पासबुक-चेकबुक आदि बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्रवाई में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में पुलिस एवं स्वाट टीम ने धोखाधड़ी में चार लोगों को जेवर व फर्जी दस्तावेज समेत गिरफ्तार किया।



मंगलवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रुबरु हुई। उन्होंने बताया कि 29 अगस्त को रमेश सोनी पुत्र पन्नालाल सोनी निवासी शंकर बाजार कर्वी ने कोतवाली में सूचना दी कि 23 अगस्त को दिनेश कुमार मिश्रा पुत्र रामाधार मिश्रा निवासी एफ-215 गोपाल सदन चैतन्य विहार फेस-2 वृंदावन जिला मथुरा हाल मुकाम कान्हापुर थाना मछली शहर जिला जौनपुर ने प्लाट दिलाने के नाम पर 225 ग्राम सोना व 12 लाख रुपये ले लिये हैं। इसी तरह जिले में कई लोगों से जमीन बेंचने के नाम पर तकरीबन दो करोड रुपये लेकर फरार हो गया है। सूचना पर मामला दर्ज किया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्वाट/सर्विलांस टीम प्रभारी व कर्वी कोतवाल ने आरोपी दिनेश कुमार मिश्रा, माधुरी मिश्रा उर्फ मनोजा यादव पत्नी दिनेश मिश्रा निवासी बरपुर सगरे थाना मछली शहर जिला जौनपुर को बेड़ीपुलिया से गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर मनोज पाण्डेय व रामनारायण सोनी को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 222 ग्राम सोना, छह जोड़ी पायल, 34 पीस बिछिया, विभिन्न बैंको की पासबुक, चेकबुक व फर्जी आधारकार्ड बरामद किये। बरामदगी पर धारायें बढाई गईं।

आरोपी दिनेश मिश्रा के खिलाफ पहले भी विभिन्न राज्यों उप्र, मथुरा, सीतापुर, महाराष्ट्र व मप्र में धोखाधड़ी व जालसाजी के मामले दर्ज हैं। टीम में निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल, दीवान जितेन्द्र कुमार, दीवान प्रदीप कुमार, सिपाही रोहित सिंह, ज्ञानेश मिश्रा, राघवेन्द्र यादव, रोशन सिंह, पवन कुमार राजपूत व कोतवाली के दरोगा प्रवीण कुमार सिंह, सिपाही प्रवीण पाण्डेय, महिला सिपाही नीलम रैकवार शामिल रहीं।

# दबंगों से परेशान पीडिता ने एसपी से लगाई गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के बसावनपुर की रन्नु देवी ने बच्चों समेत पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला से गुहार लगाई। पीड़िता ने कहा कि वह गृहस्थ महिला है। उसके गांव के रामनरेश पुत्र मोहनलाल व श्रवण व लल्लन पुत्र रामनरेश ने दो अक्टूबर को शाम पांच बजे खेत से चारा लेने जाते समय लाठी-डंडा लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर वे उसे मारने दौडे। वह जान बचाकर घर लौट आयी।

मंगलवार को पीडिता ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि दबंग दुबारा शाम सात बजे उसके घर पर पत्थर चला रहे थे। वह बाल-बाल बच गयी। उसका पुत्र मंगलवार को त्यागी इंटर कालेज ऐंचवारा पढने जा रहा था। रास्ते में पुत्र के साथ गाली-गलौज किया। पुत्र घर लौट आया है। ये लोग पहले भी मारपीट कर चुके हैं। इसकी शिकायत रैपुरा थाने में दे चुकी हैं। थाने में कई बार शिकायत के बाद भी उसके खिलाफ कार्यवाही नहीं हुयी। पीडिता ने कहा कि ये दबंग व गुंडे किस्म के लोग हैं। रैपुरा थाने के दरोगा रमेश सिंह यादव से मिलीभगत है। इससे उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो रही।

# सूचना विभाग की प्रदर्शनी से उठायें लाभ , जनकल्याणकारी योजनाओं की लगी प्रदर्शनी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सीडीओ अमृतपाल कौर, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने श्रीमंत श्याम एडवरटाइजमेंट सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से प्रदेश सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। मंगलवार को भजन संध्या स्थल सीतापुर में प्रदर्शनी का शुभारम्भ कर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी ने कहा कि भारत सरकार व उप्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शनी से लेकर ज्यादा लोग लाभान्वित हो। जिला सूचना अधिकारी सुरेंद्र कुमार, लेखाकार मोहन कुमार श्रीवास्तव ने प्रदर्शनी में आए अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय, शिवाकांत पांडेय, तीरथ तिवारी, सुरेश अनुरागी आदि मौजूद रहे। सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज के छात्र-छात्रायें एवं शिक्षक मौजूद रहे।

# कर्वी एसडीएम का सौरभ यादव ने संभाला कार्यभार

## शासन की मंशानुसार करेंगे कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सदर एसडीएम राज बहादुर का ललितपुर तबादला होने पर मंगलवार को नवागंतुक उप जिलाधिकारी सौरभ यादव ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने मातहत अधिकारियों-कर्मचारियों से भेंटकर शासन की मंशानुसार जनहित में कार्य करने के निर्देश दिए। मंगलवार को एसडीएम सदर का कार्यभार संभालते हुए सौरभ यादव ने कहा कि जनता के काम किसी हालत में लम्बित न रखे जायें। छोटे-छोटे कार्यों के लिए जनता को अनावश्यक दौड़ न लगानी पडे। जनसमस्याओं के निदान को सभी कर्मचारी समय से कार्य करें। शासन की प्राथमिकता को धरातल पर उतारा जायेगा।



उन्होंने कहा कि आईजीआरएस के मामले समयबद्ध ढंग से निस्तारित किये जायेंगे। शासन के निर्देशों का पालन किया जाएगा। चित्रकूट के विकास में पर्यटन को बढ़ावा देने की गरज से नगर की स्वच्छता व सुन्दरीकरण के कार्य जिलाधिकारी के निर्देश में ईमानदारी से किये जायेंगे। नवागंतुक एसडीएम सौरभ यादव 2019 पीसीएस बैच के प्रशासनिक अधिकारी हैं। उन्होंने अगस्त 2021 से प्रशासनिक सेवा की शुरूआत की है। वह मूलतः आगरा जिले के निवासी हैं। ग्रामीण परिवेश से हैं, कठिन परिश्रम से पढ़ाई की है। इस मुकाम को हासिल कर युवाओं को प्रेरणा देने का काम किया है। उनके पिता पुलिस विभाग में कार्यरत रहे हैं।

## मैक्सिको में प्रार्थना सभा के दौरान गिरी चर्च की छत, तीन बच्चों सहित दस की मौत

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको में प्रार्थना सभा के दौरान एक चर्च की छत गिर गयी। इस कारण तीन बच्चों सहित दस लोगों की मौत हो गयी। हादसे में कम से कम साठ लोग घायल हुए हैं।पूर्वोत्तर मैक्सिको के तमउलिपास राज्य में तटीय शहर स्यूदाद माडेरो में एक चर्च में प्रार्थना सभा चल रही थी। इस दौरान भारी संख्या में लोग चर्च में मौजूद थे। प्रार्थना सभा के दौरान ही अचानक चर्च की छत गिरने से वहां चीख-पुकार मच गई। तमाउलिपास के



गवर्नर अमेरिको विलारियल ने हादसे में दस लोगों की मौत होने की पुष्टि की है। इनमें से पांच महिलाएं, दो पुरुष और तीन बच्चे हैं।बताया गया कि मलबे में दबे लोगों को निकालने में राहत कर्मियों को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। पुलिस और दमकल की टीमों ने 49 लोगों को मलबे से निकाल लिया है। इन्हें पास के ही अस्पताल में भेजा गया है। अभी कई और के मलबे में ही दबे होने की आशंका है। उनकी खोज जारी है। बताया गया है कि मलबे में फंसे में लोगों में कई बच्चे भी शामिल हैं। साठ घायलों को आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर है। साथ ही मलबे से भी लोगों का निकलना जारी है। ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई गयी है।

## स्लोवाकिया में बन सकती है रूस समर्थक सरकार, रॉबर्ट फिको बनेंगे चौथी बार प्रधानमंत्री

**स्लोवाकिया।** यूरोपीय देश स्लोवाकिया में आम चुनाव के नतीजे आ चुके हैं और जो परिदृश्य बन रहा है, उसके मुताबिक स्लोवाकिया में गठबंधन सरकार बनेगी और रॉबर्ट फिको के नेतृत्व में अगली सरकार बन सकती है। गौरतलब है कि रॉबर्ट फिको को रूस समर्थक माना जाता है और अपने चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने एलान भी किया था अगर उनकी सरकार बनी तो वह यूक्रेन को दी जा रही सैन्य मदद के बंद कर देंगे। बता दें कि पूर्व पीएम और लोकप्रिय नेता रॉबर्ट फिको की वामपंथी पार्टी स्मेर या डायरेक्शन पार्टी को आम चुनाव में 22.9 प्रतिशत वोट मिले हैं। ऐसे में स्मेर पार्टी को 150 सांसदों वाली स्लोवाकिया की संसद में 42 सीटें मिलेंगी। अगर स्मेर पार्टी गठबंधन बनाने में सफल रही तो रॉबर्ट फिको (59 वर्षीय) चौथी बार स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री बन सकते हैं। स्लोवाकिया की राष्ट्रपति जुजाना कापुतोवा अमेरिका की समर्थक मानी जाती हैं और रॉबर्ट फिको उन पर अमेरिकी एजेंट होने का आरोप भी लगा चुके हैं। इसके चलते राष्ट्रपति कापुतोवा ने रॉबर्ट फिको के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। फिको के पूर्व सहयोगी और वामपंथी हलास (वॉइस) पार्टी के मुखिया पीटर पेलेग्रनी को 14.7 प्रतिशत वोट मिले हैं। 2020 के चुनाव में एक विवाद के चलते पीटर ने फिको से नाता तोड़ लिया था। अब अनुमान लगाया जा रहा है कि वह रॉबर्ट फिको को समर्थन दे सकते हैं। इनके अलावा एक और रूस समर्थक पार्टी स्लोवाक नेशनल पार्टी ने 10 सीटें जीती हैं और कंजरवेटिव क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स पार्टी ने 12 सीटों पर जीत दर्ज की है। रॉबर्ट फिको को प्रोग्रेसिव स्लोवाकिया पार्टी से टक्कर मिल सकती है। बता दें कि यह पार्टी पश्चिम समर्थक मानी जाती है और इस पार्टी ने 18 प्रतिशत यानी कि 32 सीटों पर जीत दर्ज की है।

## फिरौती की चिट्ठी पर मौजूद फिंगर प्रिंट्स से पकड़ा गया आरोपी, तीन दिन से लापता बच्ची हुई बरामद

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में तीन दिन पहले गायब हुई नौ साल की बच्ची मिल गई। पुलिस ने एक बयान में कहा है कि बच्ची सुरक्षित और स्वस्थ है। पुलिस ने एक संदिग्ध आरोपी को भी पकड़ा है, जिस पर आरोप है कि उसी ने बच्ची का अपहरण किया था। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। बता दें कि नौ साल की बच्ची शेर्लोट सेना शनिवार शाम में मोरेउ लेक स्टेट पार्क में साइकिल चलाते समय रहस्यमयी तरीके से गायब हो गई थी। यह पार्क अलबानी के उत्तर में करीब 60 किलोमीटर दूर है। परिजनों के काफी ढूंढने के बाद भी जब शेर्लोट का कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस की जांच के दौरान शेर्लोट की साइकिल पार्क में मिल गई लेकिन बच्ची का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की कि अगर उन्हें कुछ भी जानकारी मिलती है तो वह पुलिस के साथ साझा करें। 400 लोगों की टीम शेर्लोट को ढूंढने में जुटी थी। इनमें फोरेस्ट रेंजर, पुलिस अधिकारी और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी शामिल थे। सोमवार शाम में आखिरकार पुलिस ने बच्ची को बरामद कर लिया है।

# अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप भ्रष्टाचार के मुकदमे में पहली बार अदालत में पेश

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भ्रष्टाचार के मामले में कल पहली बार मैनहट्टन की अदालत में पेश हुए। ट्रंप इस बार भी राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव की दौड़ में शामिल हैं। उन पर अपनी संपत्ति को अरबों डॉलर तक बढ़ाने और धोखाधड़ी की सीमा पार करने का आरोप है। यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक यह दिवानी मामला ट्रंप के चार आपराधिक अभियोगों से अलग है। इसमें वादी न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स हैं। जेम्स ने कहा है, चाहे आप कितने भी अमीर या शक्तिशाली क्यों न हों, इस देश में लोगों के लिए दो प्रकार के कानून नहीं हैं। इस सुनवाई में ट्रंप ने अभी अपना पक्ष नहीं रखा



है। अदालत कक्ष के बाहर ट्रंप ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने अटॉर्नी जनरल इस मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, जेम्स उन्हें राजनीतिक नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

अटॉर्नी जनरल जेम्स ने मांग की है कि ट्रंप पर 250 मिलियन डॉलर तक का जुर्माना लगाया जाए और उन्हें न्यूयॉर्क में व्यवसाय चलाने से रोक दिया जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस मुकदमे में ट्रंप, उनके बेटों और उनके पारिवारिक व्यवसाय पर बैंकों से अनुकूल ऋण शर्तों को सुरक्षित करने के लिए अपनी संपत्ति का मूल्य दो बिलियन डॉलर तक बढ़ाने का आरोप लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि इस केस की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश पिछले सप्ताह इस केस में ट्रंप को दोषी ठहरा चुके हैं। यदि अदालत का फैसला कायम रहता है, तो ट्रंप को अपनी सबसे प्रसिद्ध न्यूयॉर्क की अचल संपत्ति में से कुछ को छोड़ना पड़ सकता है।

## दस लाख की नकदी लेकर कैसिनो खेलने नेपाल आये यूपी के तीन युवक पुलिस हिरासत में

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने सुनौली भैरहवा बॉर्डर से 10 लाख रुपये नकद सहित तीन भारतीय युवकों को गिरफ्तार किया है। पैसे का स्रोत नहीं बता पाने के कारण युवकों को हिरासत में लेने की जानकारी पुलिस ने दी है। नेपाल के सीमावर्ती शहर भैरहवा में कैसिनो खेलने के लिए उनकी ही गाड़ी बुलाकर सीमा प्रवेश करते समय नियमित चेकिंग के दौरान 10 लाख रुपये नकद मिलने की जानकारी भैरहवा पुलिस प्रवक्ता शैलेन्द्र थापा ने दी है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए युवकों में उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिला सुनौली निवासी 38



वर्षीय राजू कौशल, गोरखपुर निवासी 40 वर्षीय अभिनव जायसवाल और 34 वर्षीय आस्तिक त्रिपाठी शामिल हैं। पुलिस ने इनको सीमा पार से लाने वाले होटल और कैसिनो की दो गाड़ी को भी अपने नियंत्रण में रखा है।

# नाइजर में आतंकी हमला, 29 सैनिकों की मौत, तीन दिन का राष्ट्रीय शोक

**नियामी (नाइजर)।** पश्चिम अफ्रीकी देश नाइजर में संदिग्ध जिहादियों के ताजा हमले में 29 सैनिकों की जान चली गई। हमले से चिंतित रक्षा मंत्रालय ने तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स में रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा गया है कि 100 से अधिक आतंकवादियों के समूह ने घातक विस्फोटक उपकरणों से सैनिकों को निशाना बनाया। उल्लेखनीय है कि नाइजर अलकायदा, बोको हरम और इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े जिहादी आतंकवाद से वर्षों से जूझ रहा है। नाइजर में सैन्य तख्तापलट के बाद लोकतांत्रिक तरीके निर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम को 26 जुलाई को अपदस्थ कर दिया गया था। इस तख्तापलट के बाद से नाइजर में



आतंकी हमले बढ़ गए हैं।मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अगस्त में नाइजर के बागी सैनिकों ने देश की हवाई सीमा को बंद कर दिया था। इनका आरोप था कि पड़ोसी देश हमले की योजना बना रहे हैं, क्योंकि सैन्य शासन ने तय सीमा बीतने के बावजूद अपदस्थ राष्ट्रपति को बहाल नहीं किया। इसके कुछ दिन बाद भारत ने अपने नागरिकों से हिंसाग्रस्त नाइजर को जल्द छोड़ने की सलाह दी थी।

# जिम्बाब्वे में विमान हादसा, भारतीय उद्योगपति व बेटे सहित छह की मौत

**हरारे।** जिम्बाब्वे में भीषण विमान हादसे में एक भारतीय उद्योगपति व उनके बेटे सहित छह लोगों की मौत हो गयी। खनन कंपनी के मालिक हरपाल सिंह रंधावा का निजी विमान तकनीकी खराबी के चलते दुर्घटना का शिकार हुआ।

भारतीय उद्योगपति हरपाल सिंह रंधावा की कंपनी रियोजिम जिंबाब्वे में सोने, कोयले का खनन करती है। साथ ही कंपनी में निकल और तांबे जैसी धातुओं की रिफाइनिंग का भी काम होता है। रंधावा चार अरब डॉलर वाली इक्विटी फर्म जेम होल्डिंग के संस्थापक भी हैं।

सिंगल इंजन वाले इस विमान का स्वामित्व कंपनी रियोजिम के पास है। यह विमान राजधानी हरारे से मुरोवा हीरे की खदान जा रहा था। इसी दौरान जिंबाब्वे के दक्षिणी पश्चिमी इलाके माशावा में



स्थित एक हीरा खदान के पास तकनीकी खराबी के चलते एक इंजन वाले सेसेना 206 एयरक्राफ्ट में हवा में ही विस्फोट हो गया। भारतीय उद्योगपति रंधावा कंपनी के निजी विमान पर अपने बेटे व चार अन्य लोगों के साथ सवार थे। इस दुर्घटना में विमान में सवार सभी छह लोगों की मौत हो गयी। विमान हादसे में मरने वालों में हरपाल सिंह रंधावा, उनका बेटा और चार अन्य लोग शामिल हैं। रंधावा की कंपनी ने बयान जारी कर हरपाल सिंह रंधावा की मौत की पुष्टि की है।

# सरकार के दो सचिव सहित नौ बड़े अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप में मुकदमा दर्ज

**काठमांडू।** नेपाल के भ्रष्टाचार विरोधी जांच करने वाले अख्तियार दुरुपयोग अनुसंधान आयोग ने सरकार के दो सचिव सहित नौ बड़े अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। ये सभी अधिकारी संवैधानिक प्रावधान के मुताबिक स्वतः पदमुक्त हो गए हैं।

नेशनल पेमेंट गेटवे खरीद मामले में इन अधिकारियों के खिलाफ 25 करोड़ रुपये घोटाला करने का आरोप है। विशेष अदालत में आयोग ने वाणिज्य सचिव मधु मरासिनी, विज्ञान तथा प्रविधि मन्त्रालय के सचिव तथा राष्ट्रीय सूचना प्रविधि केन्द्र के तत्कालीन अध्यक्ष संजय शर्मा, राष्ट्रीय





सूचना प्रविधि केन्द्र के कार्यकारी निदेशक प्रणिता उपाध्याय, नेपाल टेलीकॉम के प्रबन्ध निदेशक सुनील पौडेल, राष्ट्रिय सूचना प्रविधि केन्द्र के निदेशक सफल श्रेष्ठ के विरुद्ध भ्रष्टाचार का मुकदमा दायर किया है। इसी तरह राष्ट्रीय सूचना प्रविधि केन्द्र के सहायक निदेशक रमेश पोखरेल, लेखा अधिकृत निम बहादुर वली, रामबहादुर बुढ़ा, कम्प्यूटर इन्जीनीयर राम शरण के खिलाफ भी मुकदमा दायर किया गया है। अख्तियार दुरुपयोग अनुसंधान आयोग के प्रवक्ता भोला दाहाल ने बताया कि 6 साल पहले के इस मामले में बिना पूर्व तैयारी के ही कमीशन और आर्थिक अनियमितता करने की नीयत से 25 करोड़ रुपये में नेशनल पेमेंट गेटवे सिस्टम खरीदा था लेकिन आज तक उसका उपयोग नहीं किया जा सका है।

## अमेरिका में बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण 14 को, देश के बाहर आंबेडकर का सबसे ऊंचा स्मारक

**वाशिंगटन।** भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा अब शान से अमेरिका के लोगों को प्रेरणा देगी। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के तर्ज पर अमेरिका में स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी का अनावरण होने वाला है, जो भारत के बाहर डॉ. बाबा साहब की सबसे बड़ी प्रतिमा होगी। 14 अक्तूबर को मूर्ति का लोकार्पण किया जाएगा।



विदेशी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, प्रसिद्ध कलाकार और मूर्तिकार राम सुतार ने बाबा साहब की मूर्ति को बनाया है, जिसे स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी नाम से जाना जाएगा। अमेरिका के मैरीलैंड राज्य के एकोकीक शहर में 13 एकड़ भूमि पर डॉ. आंबेडकर की 19 फीट की मूर्ति स्थापित की जाएगी। आयोजकों को उम्मीद है कि मूर्ति के लोकार्पण के दौरान भारत और अमेरिका सहित दुनिया भर से अंबेडकरवादी लोग बड़ी संख्या में यहां पहुंचेंगे। स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी बाबा साहब के संदेशों और शिक्षाओं को विश्व भर में प्रदर्शित करने का काम करेगा।

# तेजी से वैक्सीन उत्पादन की तकनीक के विकास के लिए दो अमेरिकी वैज्ञानिकों को नोबेल

**नई दिल्ली।** फिजियोलॉजी या मेडिसिन में वर्ष 2023 का नोबेल पुरस्कार दो अमेरिकी वैज्ञानिकों को वैक्सीन उत्पादन को आसान और तेज बनाने से जुड़ी उनकी

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

प्रक्रिया में वायरस, प्रोटीन और वेक्टर-आधारित टीकों का इस्तेमाल होता रहा है। इनके



उत्पादन के लिए बड़े पैमाने पर सेल कल्चर की आवश्यकता होती है। ऐसे में किसी महामारी के फैलने के दौरान अधिक संसाधनों का उपयोग कर तैयार की जाने वाली वैक्सीन का तेज और बड़ी संख्या में उत्पादन करना मुश्किल होता है। हमारी कोशिकाओं में डीएनए में एन्कोड की गई आनुवंशिक जानकारी मैसेंजर आरएनए (एमआरएनए) में स्थानांतरित हो जाती है। इसका उपयोग प्रतिरक्षा प्रणाली से जुड़े प्रोटीन उत्पादन के एक टेम्पलेट के रूप में होता है। 1980 के दशक के दौरान विट्रो ट्रांसक्रिप्शन नाम से सेल कल्चर के बिना एमआरएनए के उत्पादन का एक तरीका पेश किया गया। हालांकि ऐसे एमआरएनए को शरीर स्वीकार नहीं करता था और प्रतिक्रिया देता था।

ऐसे में नैदानिक उद्देश्यों के लिए एमआरएनए तकनीक विकसित करने के प्रति उत्साह कम रहा। कारिको और वीसमैन ने पाया कि डेंड्राइटिक कोशिकाएं इन विट्रो ट्रांसक्राइब्ड एमआरएनए को एक बाहरी पदार्थ मानकर उनके खिलाफ अपनी प्रतिक्रिया देती थी।

दोनों वैज्ञानिकों ने आधार संशोधन का उपयोग कर एक तरीका विकसित किया जिससे बने एमआरएनए के खिलाफ प्रतिक्रिया न के बराबर होती थी। 2005 में उनके यह शोध कार्य प्रकाशित हुए थे। 2008 और 2010 में प्रकाशित आगे के अध्ययनों में कारिको और वीसमैन ने दिखाया कि आधार संशोधनों के साथ बने एमआरएनए से प्रतिरक्षा प्रोटीन उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।

# राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रामास्वामी चाहते हैं नियमों में बदलाव, लिखा- शीर्ष चार उम्मीदवार ही करें बहस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति पद की रेस में शामिल विवेक रामास्वामी के चुनाव अभियान के प्रमुख ने रिपब्लिकन नेशनल कमेटी को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में मांग की गई है कि अगले महीने होने वाली रिपब्लिकन पार्टी की बहस में सिर्फ शीर्ष चार उम्मीदवार ही शामिल होने चाहिए। उन्होंने लिखा कि एक और बेकार की बहस करने से कोई मदद नहीं मिलेगी। बता दें कि विवेक रामास्वामी रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने की रेस में हैं। अभी रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदवारी सबसे मजबूत है।

**रामास्वामी के चुनाव अभियान के प्रमुख ने लिखा पत्र**

विवेक रामास्वामी के चुनाव अभियान के सीईओ बेन योहो ने रिपब्लिकन पार्टी की नेशनल कमेटी को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में योहो ने मांग की है कि



अगले महीने आठ नवंबर को मियामी में होने वाली तीसरी प्राथमिक बहस में सिर्फ शीर्ष चार उम्मीदवारों को ही बहस की अनुमति दी जाए। योहो ने पत्र में लिखा कि नवंबर में एक और बेकार बहस कोई विकल्प नहीं है। इससे मतदाताओं को कोई फायदा नहीं होगा कि जिन उम्मीदवारों के सफल होने की संभावना नहीं है, उन्हें भी मंच साझा करने दिया जाए। उससे शोरगुल होता है। बता दें कि अगर रामास्वामी के चुनाव अभियान की बात मान ली जाती है तो रेस में डोनाल्ड ट्रंप के साथ विवेक रामास्वामी, निक्की हेली और रोन देसांतिस ही रेस में रह जाएंगे। पत्र में ये भी मांग की गई है कि उम्मीदवारों को उनके

**इस पत्र में मांग की गई है कि अगले महीने होने वाली रिपब्लिकन पार्टी की बहस में सिर्फ शीर्ष चार उम्मीदवार ही शामिल होने चाहिए।**

प्रतिस्पर्धियों की बात का जवाब देने के लिए ज्यादा समय दिया जाए और एकल बहसों में एक मध्यस्थ तैनात करने की भी मांग की गई है ताकि उम्मीदवार एक दूसरे पर बेकार में चिल्ला ना सकें और बहस के नियम ठीक तरह से लागू किए जा सकें। पत्र में मांग की गई है कि आरएनसी दाता सीमा को 70 हजार दानदाताओं से बढ़ाकर एक लाख दानदाता किया जाए।